हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 19 अक्टूबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 23.4 डिग्री

10 बेतरतीब वाहनों से रोज विवाद असामाजिक तत्वों का भी डेरा

11 राम लला दर्शन कर लौटे दर्शनार्थी








### घर से निकला लेकिन नहीं लौट पाया, जामुल पुलिस कर रही जांच

# बीएसपी फायर ब्रिगेड कर्मी की झाड़ियों में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी फायर ब्रिगेड कर्मी की झांडियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।



जामुल पुलिस ने बताया कि कुरुद से लगे आनंद विहार कॉलोनी के पास शुक्रवार की सुबह बीएसपी फायर ब्रिगेड कर्मी नंद किशोर पारधी की लाश मिली है। अपने घर से नंद किशोर गुरुवार की सुबह 10 बजे से निकला था। इसके बाद घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने आसपास काफी तलाश किया लेकिन नंद किशोर की कोई जानकारी नहीं मिल पाई। शुक्रवार की सुबह कुरुद आनंद विहार कॉलोनी के पास कीचड़ में लाश मिलने की शिकायत पर परिजन मौके पर पहुचे और शव का शिनाख्त किया। शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया। मौत का कारण पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि मृतक नंद किशोर काफी दिनों से तनाव में था। मृतक पूर्व में सीजी पुलिस में कार्यरत था। मृतक 2012 में फायर सर्विस ज्वाइन की थी। काम पर लगातार नहीं जाने पर विभाग ने उसे माह भर पहले उसे सस्पेंड कर दिया था। जहां पर नंद किशोर की लाश मिली वहां दवाइयों के रेपर भी मिला हैं। है। मृतक विवाहित था उसके दो बच्चें भी है।

## तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, चालक गंभीर



**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक कार दस फीट हवा में उछलकर डिवाइडर से टकरा जाने से चालक गंभीर रुप से घायल हो गया है। घटना कोहका जुनवानी रोड का है। मिली जानकारी के मुताबिक कार सीजी 4 एचई 4400 के चालक कुटेला भाठा का रहने वाला युवक कोहका की ओर जा रहा था। इस दौरान कार की रफ्तार तेज होने से अनियंत्रित होकर हवा में उछल गई और डिवाइडर से टकरा गई। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों ने उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए श्री शंकराचार्य अस्पताल जुनवानी भेजा गया। जहां स्थिति गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि कार नंबर के आधार पर मालिक का नाम अजीत कुमार है। फिलहाल घायल की कोई जानकारी पुलिस के पास नहीं मिल पाई है। घटना को देखने के लिए आसपास के लोगों की खासी भीड़ उमड़ गई थी।

## ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी करने वाले दस गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑक्सीजन सिलेंडर चोरी मामले में पुलिस ने दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने 10 लाख 32 हजार रुपए का सामान जब्त किया है।चोरी के सिलेंडर को आरोपियों द्वारा रायपुर में खपाते थे। जामुल पुलिस ने बताया कि राकेश शर्मा ने शिकायत किया है कि उसकी कंपनी में ऑक्सीजन सिलेंडर की चोरी लगातार हो रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही। सूचना पर पुलिस ने टीम गठित कर पतासाजी में जुटी रही। मुखबिर की सूचना पर उरला रायपुरव निवासी ज्ञानेंद्र गुप्ता, जामुल पंचराम यादव, मुडपार जामुल चैन सिंह देवांगन, रविशंकर यादव, क्रांति चौक शंकर नगर नकुल विश्वकर्मा, मुन्नालाल, मंगल बाजार अरुण पटेल, घासीदास नगर जामुल नरेश कुमार , नारधा राकेश पाल, जामुल सोनू शर्मा को गिरफ्तार किया है।

# बालक से अप्राकृतिक कृत्य का प्रयास, युवक को सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- दुर्ग न्यायालय ने सुनाया फैसला
- आरोपी कूलर बनाने उनके घर गया था
- घर पर अकेला पाकर की थी हरकत

बालक के साथ अप्राकृतिक कृत्य का प्रयास करने वाले आरोपी को तीन साल की सश्रम कारावास की सजा दुर्ग न्यायालय ने सुनाई है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ एफटीसी संगीता नवीन तिवारी की न्यायालय में धारा 377, 511 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम धारा 4 सह पठित धारा 18 के तहत तीन वर्ष की सजा सुनाई है। जामुल निवासी आरोपी रोम सिंह उर्फ अमन कूलर बनाने के लिए बालक के घर आया था। कूलर बनाने के दौरान बालक कहीं बाहर गया हुआ था। घर में उसका 6 वर्षीय बालक कूलर बनाते समय आरोपी मैकेनिक के पास बैठा हुआ था। आरोपी ने परिजनों को से कहा कि उसने नारियल तेल, ग्रीस नहीं लाया है। इस दौरान बालक की दादी नारियल तेल, ग्रीस लाकर आरोपी को दी। उसके बाद पीड़िता घर के काम में व्यस्त हो गई। विशेष लोक अभियोजक संतोष कसार ने बताया कि मौके का लाभ उठाते हुए आरोपी ने 6 वर्षीय बालक के साथ अश्लील हरकत करने लगा। इसी दौरान परिजन मौके पर पहुचने पर आरोपी फरार हो गया। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया।

# मार्केट की सीसीटीवी से करेंगे निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दीपावली त्यौहार के मद्नेजर ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने पुलिस जुटी हुई है। दुर्ग के इंदिरा मार्केट और भिलाई पावर हाउस के जवाहर मार्केट में आने वालों के लिए वाहन पार्किंग की जगह निर्धारित की है। नो पार्किंग वाली जगह पर खड़े वाहनों को ट्रैफिक पुलिस क्रेन से उठाने का काम करेगी। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस दुर्ग, नगर निगम दुर्ग, भिलाई, चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों ने पार्किंग के लिए स्थल निरीक्षण कर चिन्हित किया। पावर हाउस के जवाहर मार्केट के व्यापारी एवं कर्मचारी अपने वाहन लाल मैदान में खड़ा करेंगे। आम जनता के लिए चार पहिया वाहन ओव्हर ब्रिज के नीचे एवं दो पहिया वाहन मार्केट पार्किग में रखेंगे। सर्कुलर मार्केट में लिंक रोड से आने वाले लोग वाहन शासकीय स्कूल पानी टंकी मैदान में खड़ा करेगें। नंदिनी रोड एवं शीतला मंदिर क्षेत्र से आने वाले आम जनता अपने वाहन छावनी थाना के पीछे पुलिस मैदान में वाहन खड़ा करेगें। लिंक रोड में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

## चरोदा में लोकार्पण आज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण कार्यक्रम शनिवार 19 अक्टूबर को शिवाजी चौक भाठापार में होगा।मुख्य अतिथि के रुप में डिप्टी सीएम अरुण साव होंगे। अध्यक्षता सांसद विजय बघेल करेगें। विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक ललित चंद्राकर, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा , महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा, लोककर्म प्रभारी संतोषी निषाद होगी।

### कलेक्टर की कार्रवाई से मचा हड़कंप

# दो ब्लैक लिस्टेड राइस मिलरों की 5.50 करोड़ की बैंक गारंटी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कस्टम मिलिंग के शर्त का उल्लघन करने वाले दो राईस मिलर को कलेक्टर द्वारा आगामी तीन साल के लिए ब्लेक लिस्टेड कर दिया गया था। इसके बाद भी चावल जमा नही करने पर दो राईस मिल से कलेक्टर ने बैंक गारंटी जप्त करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद मार्कफेड द्वारा दोनो मिलरों की जमा साढे पांच करोड की राशि जप्त कर ली है। इस कार्यवाही से बाकी मिलरों में खलबली मच गई हैं। जिले में कस्टम मिलिंग का चावल जमा नहीं करने वाले दो राइस मिलो के बैंक गारंटी से साढ़े पांच करोड़ रूपए वसूली करने की कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग की समीक्षा करने पर पाया गया कि, मिलरों द्वारा उठाये गये धान के विरूद्ध भारतीय खाद्य निगम तथा नागरिक आपूर्ति निगम में निर्धारित मात्रा में चावल जमा नही किया गया है। कुछ मिलरों द्वारा धान का उठाव करने के वावजूद कई दिवसों तक प्रदाय केन्द्रों में चावल जमा नहीं किया गया है। चावल जमा करने में शेष कार्य दिवसों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित अवधि में चावल जमा कराने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार विभिन्न राईस मिलों की जांच की गई है। इसमें फर्म हनुमत राईस इंडस्ट्रीज जेवरा सिरसा द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 19907.27 क्विं. धान का उठाव किया जाकर 10435.70 क्विं. चावल जमा किया गया है तथा 3101.24 क्विं. चावल जमा किया जाना शेष है। इसी प्रकार फर्म हनुमत राईस इंडस्ट्रीज युनिट 2 जेवरा सिरसा के द्वारा भी 36305.23 क्विं. धान का उठाव किया जाकर मात्र 6368.44 क्विं. चावल जमा किया गया है तथा फर्म के द्वारा 17956.06 क्विं. चावल जमा किया जाना शेष है। इस प्रकार फर्म के द्वारा अपनी क्षमता का मात्र 26 प्रतिशत का ही उपयोग किया गया है। जांच के दौरान दोनों मिले बंद पाई गई थी। उक्त दोनों फर्म के प्रोप्राईटर सुजीत कुमार गुप्ता तथा संचालक विनीत गुप्ता है। जिन्हें नोटिस जारी कर शेष चावल जमा करने कहा गया था। डीएमओ भौमिक बघेल का कहना है कि, कलेक्टर न्यायलय द्वारा दोनो मिलों को मामले में ब्लेक लिस्टेड किए गए है, दोनों राइस मिलो के बीजी से 5.5 करोड़ रुपए वसूली की यह कार्रवाई की गई है।



**मनमानी :** पार्किंग का शुल्क तय, लेकिन महीनों से खड़ी हैं बसें

# बेतरतीब वाहनों से रोज विवाद असामाजिक तत्वों का भी डेरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला और निगम प्रशासन द्वारा बस स्टैंड की मानिटरिंग नही किए जाने के कारण यहां की व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई हैं। अघोषित पार्किंग के चलते महिनों से यहां खडे अवैध वाहनों से जहां स्टैंड में आवाजाही की जगह नही बची हैं, वहीं बेतरतीब बस और छोटे वाहनों के खडे होने के कारण रोजाना सुबह बस संचालको में विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी है। इस विवाद की शिकायत निगम प्रशासन से भी हो चुकी है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा गंभीरता नही दिखाई गई हैं।

देर रात यहां संचालक बसों को रास्ते में आडी तिरछी कही पर भी खडे कर देते हैं, जिससे सुबह नंबर लगने वाले बस संचालको में आपस में रोज विवाद हो रही है। यही नगरनिगम द्वारा पिछले साल बस स्टैंड में पार्किंग के लिए ठेका भी दिया गया था। लेकिन वर्तमान में तीन बार टेंडर निकाला गया है। लेकिन प्रक्रिया पूरी नही हुई है। यही कारण हैं कि, बस स्टैंड में जिम्मेदारी तय नही की गई है। यही कारण हैं कि, पार्किंग यहां भगवान भरोसे चल रही हैं।

सूत्रों ने बताया कि, यहां कई बसे तो महिनों से खडी हुई है। जबकि नियमतः आधा या एक घंटा बडे वाहन की खडी कर सकते है। इसके बाद देरी पर प्रति घंटे राशि लिए जाने का प्रावधान है। लेकिन यहां तो महिनों से बस संचालको ने इसे डिपो बना रखा है। ऐसे में निगम प्रशासन को भी फूटी कौडी राजस्व नही मिल रही है।

**निजी बस संचालकों ने बस स्टैंड को बनाया अघोषित डिपो**



### मॉनिटरिंग नहीं होने से मनमानी

निगम के अधिकारियों ने बताया कि, बस स्टैंड की पार्किंग के लिए तीन बार टेंडर निकाल चुके है। लेकिन निविदाकार सामने नही आ रहे है। इसका बडा कारण बस संचालको की मनमाने और रोजाना विवाद की स्थिति हैं। पार्किंग की राशि नही आने से जहां निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वही निगम टेंडर नही होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचते नजर आ रही हैं। देखा गया है कि, रात को यहां बाहर से संचालक बेतरतीब बसे खडी कर देते है, जिससे सुबह रोज विवाद होता है। कब कौन कहां बस खडी कर रहे है, इसकी मानिटरिंग नही हो रही हैं।

### विवादों से सुबह की शुरूआत

सुबह-सुबह तो स्टैंड बसों का पार्किंग स्थल दिखता है, बस स्टैंड दुर्ग जिसे जहां समझ में आता है। वहां बस खड़ी किया और चल दिए कोई आड़ी खड़ी करता है तो कोई तिरछी गाड़ी लगाकर चला जाता है। जिससे आए दिन बस ड्राइवर और कंडक्टर का आपस में झगड़ा होता रहता है। यहां खड़ी बहुत सी बसे तो महीना से हिली तक नहीं है, बस खड़ी रहती हैं। कोई भी ट्रेवल्स की बस हो उनका रात्रि ठिकाना उनकी गैराज में नहीं बल्कि बस स्टैंड दुर्ग में रहता है। सुव्यवस्थित पार्किंग नही होने से यहां दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। ट्रैफिक और पुलिस प्रशासन तो कभी यहां नज़र ही नहीं आता हैं।

### ये भी समस्याएं

बसों की धुलाई और सफाई भी बस स्टैंड के अंदर ही की जाती है, इसलिए पूरा बस स्टैंड गिला और गंदा नजर आता है। ना तो यहां साफ सफाई की पर्याप्त व्यवस्था है और ना ही लाइट और पानी की यहां एक वाटर कूलर लगा है, उसका भी सिर्फ एक नल की सुरक्षित बचा है वह भी अक्सर बंद रहता है। प्रत्यक्षालय के अंदर दुकान लगाने वालों के लिए चार दुकान तैयार की गई थी, पर बरसों से सिर्फ शटर ना लगने के कारण दुकान लोगों के प्रसाधन का स्थान बना हुआ है। यहां से पुणे, हैदराबाद, गया, इंदौर, बनारस, कोलकाता आदि तक बसे चलती हैं। अब अंदाजा लगा सकते है कि, यहां की व्यवस्था का बाहर कैसा प्रचार हो रहा होगा।

### आम आदमी की सुरक्षा का इंतजाम नहीं

दुर्ग का बस स्टैंड तो अपराधियों का अड्डा बना हुआ है, रात्रि के समय यहां के प्रतीक्षालय में सभ्य व्यक्तियों को जाने में डर लगता है। क्योंकि इस समय यहां आसामाजिक तत्वों का डेरा रहता है। गांजा शराब आदि की पार्टियां चलती रहती हैं। उन्हें ना पुलिस का डर है और ना प्रशासन को इस बात की फिक्र है। पुलिस द्वारा यहां पेट्रोलिंग तक नही की जाती है, जबकि यह जिला मुख्यालय है। बस स्टैंड में महिलाएं भी पहुंचती है। ऐसे में यहां सुरक्षा के इंतजाम नही होने प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लगाता हैं।

### दुरुस्त करेंगे

बस स्टैंड की व्यवस्था दुरूस्त की जाएगी। नया टेंडर नही हुआ है, पुराने निविदाकार ही काम कर रहे है। बस स्टैंड की व्यवस्था सुधारी जाएगी।
**-लोकेश चंद्राकर,** आयुक्त, ननि दुर्ग






## समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने गाइडलाइन जारी

# ढाई माह होगी धान खरीदी, बड़े किसानों को तीन और छोटे को मिलेंगे दो टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन द्वारा आगामी 14 नवंबर से 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने धान खरीदी नीति शुक्रवार को जारी कर दी गई है। इस नए निर्देश के तहत इस बार ढाई माह ही धान खरीदी होगी, वही दूसरी तरफ आदेश में राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य की राशि का ही उल्लेख किया गया है। जबकि घोषणा के तहत प्रति एकड 21 क्विंटल और राशि 31 सौ रूपए का उल्लेख नही किया गया है। पिछले साल एक नवंबर से 31 जनवरी यानि तीन माह तक धान खरीदी हुई थी। इस बार शासन ने अवधि में कैंची चला दी है, वहीं बडे किसानों को तीन और छोटे किसानों को दो टोकन जारी किया जाएगा। राज्य शासन ने अपने निर्देश में कहा है कि, किसानों से धान बेचने के एवज में सिर्फ पच्चीस फीसदी राशि कर्ज में समाहित किया जाएगा। साथ ही इस बार सभी उपार्जन केन्द्रो में इलेक्ट्रानिक तौल मशीन से ही खरीदी किए जाने के निर्देश दिए है। बहरहाल उपार्जन केन्द्रों में सोसायटी प्रबंधको को प्रारंभिक तैयारी के लिए भी राशि जारी नही किए जाने से संशय की स्थिति निर्मित है। उपर से उन्हें इलेक्ट्रानिक तौल मशीन की भी खरीदी की जानी हैं।

### निर्धारित टोकन के आधार पर बेचनी होगी किसानों को पूरी उपज



### 42 उपार्जन केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक तौल उपलब्ध

राज्य शासन द्वारा इस बार सभी उपार्जन केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक मशीन के जरिए ही धान खरीदी किए जाने के निर्देश दिए गए है। दुर्ग जिले में 87 उपार्जन केन्द्र है, जिसमें 42 केन्द्रों में इलेक्ट्रानिक मशीन से खरीदी होती है। ऐसे में अन्य केन्द्रो में भी इलेक्ट्रानिक तौल से खरीदी होगी। हांलाकि इसका खर्च वहन को लेकर भी स्पष्ट निर्देश नही है। वही किसानों के खाते में सीधे भुगतान की राशि जमा की जाएगी।

### केन्द्र के समर्थन मूल्य का उल्लेख

राज्य शासन द्वारा 18 अक्टूबर को जारी किए गए धान खरीदी नीति में धान कामन 23 सौ रूपए और ग्रेड ए के लिए 2320 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किए है। हांलाकि पिछले साल 2203 रूपए के समर्थन पर प्रति क्विंटल 3100 रूपए में खरीदी गए थे। अंतर की राशि भुगतान करने कृषक समृध्दि योजना लाई गई थी। कांग्रेस द्वारा 31सौ रूपए और केन्द्र के बढे हुए दाम को जोडकर खरीदी किए जाने का दबाव बना रही है। लेकिन निर्देश में ऐसा कुछ उल्लेख नही है। माना जा रहा है कि, सरकार बाद में अलग से निर्देश जारी कर सकती हैं।

## साइबर क्राइम के विषय पर की गई चर्चा



**भिलाई।** वार्ड नंबर 34 वीर शिवाजी नगर दुर्गा विद्यालय में वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका निगम भिलाई के जोन अध्यक्ष जालंधर सिंह के द्वारा छावनी थाना प्रभारी एवं दुर्ग एसपी के द्वारा साइबर क्राइम के विषय पर चर्चा की गई एवं नए कानून के बारे में भी जानकारी दी गई। वार्ड के लोगों को जागृत किया गया कि उनको कैसे फ्रॉड से बचा जाए जिस पर वार्ड मे काफी संख्याओं में वार्ड के लोग उपस्थित थे। जिसमें दुर्गा एसपी वार्ड के लोगों को बताया कि वह अपना पासवर्ड एवं मोबाइल पर किसी भी प्रकार का लिंक को क्लिक न करें एवं ऐसी घटना अगर किसी के साथ होती है तो वह 1930 नंबर में इसकी जानकारी दें। इस कार्य के दौरान दुर्ग एडिशनल एसपी सुखनंदन राठौड़, छावनी सीएसपी छावनी हरीश पाटील, थाना प्रभारी चेतन चंद्राकर, ट्रैफिक सीएसपी सतीश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष अशोक गुप्ता, वार्ड 33 पार्षद शैलजा राजू के मंडल महिला उपाध्याय ममता भारद्वाज, धर्मेंद्र पांडे, दुर्गा विद्यालय के संचालक , कुँवर सिंह बोल बम गुप्ता, मुन्ना ना तोड़े, शिव कुमार यादव, राजकुमार सिंह, मंजीत वर्मा, बिंदु, प्रतिभा चौहान, हिमांशु भारद्वाज, राजेश प्रसाद, रोहित शर्मा, संदीप गुप्ता तथा सैकडों लोग उपस्थित थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. 202410104300063/ अ-2/ वर्ष 2024
ग्राम- जंजगिरी, प.ह.नं 11 तहसील भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स साबा इन्फ्रावेंचर्स, पार्टनर- संजय बघेल पिता स्व. एन. एल. बघेल, निवासी- 59, रोहणीपुरम शहनाई गार्डन के सामने, गोल चौक के पास रायपुर के द्वारा ग्राम जंजगिरी, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. कुम्हारी, तहसील भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 15009 कुल रकबा 1.578 हे. को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 के तहत आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति तथा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से जारी विकास अनुज्ञा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 25.10.2024 को सुनवाई हेतु नियत है। अतः उक्त भूमि का आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 25.10.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/ दावा पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 18.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)




## राम लला दर्शन कर लौटे तीर्थयात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वकांक्षी योजना श्रीराम लला दर्शन अयोध्याधाम योजना के अंतर्गत दर्शन हेतु जाने वाले तीर्थ यात्रियों का चयन करके भेजा गया था। नगर निगम भिलाई एवं दुर्ग क्षेत्र के गये तीर्थ यात्रियों द्वारा बताया गया कि बहुत ही अच्छे ढंग से हम लोगो ने तीर्थ यात्रा का लाभ लिया। शासन द्वारा सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही है। जिससे हम सब लोग सहजता पूर्वक जाकर दर्शन का लाभ ले रहे है।

पर्यवेक्षक के रूप में गये नगर निगम भिलाई के कर्मचारी बोधन साहू ने बताया कि सर्व प्रथम हम लोग काशी, वाराणसी, विश्वनाथ मंदिर दर्शन के लिए गये। वहां पर गंगा स्नान करने के बाद विश्वनाथ मंदिर में भगवान शंकर को जल अभिषेक किये। मणिकंटिका घाट, दशासुमेर घाट, हरिशचंद्र घाट आदि का दर्शन किये। गंगा आरती का विहंगम ृश्य देखकर मन भाव विभोर हो गया। अदभूत नजारा था। वहां के बाद हमारी ट्रेन अयोध्याधाम राम लला दर्शन के लिए गई। वहां पर हम लोग सरजू नदी में स्नान किये। हनुमान गढ़ी में हनुमान जी का दर्शन किए, राम के पैरी का अतभूत नजारा था। वहां की लाईटिंग, स्नान मन को हर्षित कर रहा था।

अंत में हम सब लोग पूरे समूह के साथ राम लला दर्शन के लिए मंदिर में गये। वहां पुरी सुविधा शासकीय स्तर पर हम सब को मिला। हम वहां छत्तीसगढ़ शासन के तरफ से अतिथि के रूप में गये थे, पूरा परिक्रमा किया छत्तीसगढ़ के दर्शनार्थियों के लिए अलग से सुविधा मिल गई थी।

## भिलाई-दुर्ग में घर आंगन सजाओ प्रतियोगिता



**भिलाई।** अखिल भारतीय उडिया समाज द्वारा दीपावली के अवसर पर समाज की महिलाओं और युवतियों के लिए घर आंगन सजाओं प्रतियोगिता 18 से 31 अक्टूबर तक आयोजन शुरु किया गया है। समाज के महासचिव टीके निहाल ने बताया कि प्रतियोगिता निःशुल्क है। इसमें समाज की महिलाएं व युवतियां हिस्सा ले सकती है। आयोजन सिर्फ भिलाई-दुर्ग जिले के समाज की महिला, युवतियां ही हिस्सा ले सकती है। आयोजन में घर सजाने की फोटो मोबाइल नंबर पर सेंड करना होगा। विजेताओं और पुरस्कार की घोषणा तुलसी पूजा के दिन किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांतवना पुरस्कार भी विजेताओं को दिया जाएगा। विजेताओं के घर पुरस्कार समाज के पदाधिकारीगण पहुंचकर देगें।

## साइकिलिंग क्लब ने रजनी बघेल से की मुलाकात



**भिलाई।** 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता 2024- 25 में दुर्ग संभाग (बीएसपी साइकलिंग क्लब) के खिलाड़ियों ने प्रत्येक वर्ग में मेडल अपने नाम कर के भिलाई इस्पात संयंत्र तथा इस्पात नगरी को गौरवान्वित किया। इसकी जानकारी विनायक चन्नावार महासचिव छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ ने अपने दल के साथ माननीय विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के निवास स्थल में मुलाकात कर दी। भिलाई इस्पात संयंत्र साइकलिंग क्लब के 24 खिलाड़ियों ने इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लेकर दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने वाले छत्तीसगढ़ दल के लिए 24 सदस्यीय दल में भिलाई के 20 साइकिलिस्ट ने क्वालीफाई किया जो कि बिहार में दिसंबर के द्वितीय सप्ताह में होने वाली राष्ट्रीय शालेय रोड साइकिलिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त भिलाई इस्पात नगरी के अन्य 21 ट्रैक साइकिलिस्ट का चयन झारखंड में दिसंबर के तृतीय सप्ताह में होने वाली राष्ट्रीय शालेय ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप हेतु हुआ है।खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय विजय बघेल जी को दिया जिन्होंने हमें समय समय पर प्रोत्साहित कर समय समय पर खिलाड़ियों को हर संभव सहायता करते हैं। वे स्वयं भी कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे हैं अतः खिलाड़ियों की भावनाओं से भली भांति परिचित है। इंडिविजुअल टाइम ट्रायल तथा मास स्टार्ट में लगातार एक के बाद एक पदक हासिल करते हुए 10 स्वर्ण पदक 10 सिल्वर तथा 3 ब्रांज पदक जीते। रजनी बघेल, डॉ हिमांशु द्विवेदी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ छत्तीसगढ़, साइकिल पोलो संघ के अध्यक्ष डॉ. रमेश श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह सुधीर बंसल, नरेंद्र बंछोर चेयरमैन सैफी, परविंदर सिंह, निर्मल सिंह, कल्पना स्वामी, रजनीकांत अग्रवाल सहित काफी संख्या मे गणमान्य नागरिक सहित युवा खिलाड़ी मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### निकुम हाई स्कूल में आज लगेगा शिविर

**निकुम।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल निकुम में 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजे स्कूली बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र, आय, निवासी प्रमाण पत्र बनाने शिविर लगेगा। जिसमें जिला प्रशासन से एसडीएम दुर्ग पहुचेंगे। शिविर में प्रमाण पत्र बनाया जायेगा। यह जानकारी प्रभारी प्राचार्य जीएल बंजारे ने दी।

### लिटिया में किसानों की महापंचायत कल

**धमधा।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा पिछले 10 साल से किसानों की महापंचायत आयोजित की जाती रही है। इस साल भी किसान महापंचायत का आयोजन 20 अक्टूबर को धमधा ब्लाक के लिटिया में आयोजित की जा रही है जिसमें प्रदेश भर से 2 हजार किसान प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। उपजों के एमएसपी की कानूनी गारंटी,बीमा योजना, सम्मान निधि, पेंशन, आयात निर्यात नीति आदि केंद्र सरकार से संबंधित मुद्दों के अलावा राज्य सरकार से संबंधित कृषक उन्नति योजना, धान खरीदी नीति, राज्य की कृषि में फसल असंतुलन, सभी किसानों को आदान राशि, बिजली कटौती, फसल चराई आदि मुद्दों पर चर्चा करके प्रस्ताव पारित किये जायेंगे।

### शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने पहुंचे विधायक



**निकुम।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर व जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन ग्राम निकुम में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रं 1 में पदस्थ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी बेलचंदन के पुत्र मनोज बेलंचदन का बीते 7 अक्टूबर को स्वास्थ्य खराब होने से निधन हो गया। वहीं जानकारी लगने पर शोकाकुल बेलचंदन परिवार के शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना देने निकुम जाकर मृतआत्मा को श्रद्धांजलि दिया और परिवार से चर्चा कर इस दुख की घड़ी में सबल रहने की बात किया।

## निधन

### नंदकिशोर पारधी

**भिलाई।** साकेत नगर कोहका निवासी बीएसपी फायर ब्रिगेड कर्मी नंदकिशोर पारधी उम्र 34 वर्ष का आकस्मिक निधन 17 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे छोटेलाल पारधी के पुत्र एवं अंश, रोहित पारधी के पिता थे।



## जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

# पढ़ाई केवल नौकरी के उद्देश्य से नहीं आत्म निर्भर बनने के लिए करें: हर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

सेजस सेलूद स्कूल मैदान में शुक्रवार को जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा किया गया। जिसके पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर, अध्यक्षता मध्य पाटन मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, विशेष अतिथि उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, सरपंच खेमीन साहू, प्राचार्य एनपी देशकर, विलियम लकड़ा सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग, किशन हिरवानी अध्यक्ष अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन सहित अन्य थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने कहा कि सभी प्रतिभागी को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे हैं। खेल में हार और जीत दो पहलू है। हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए बल्कि आने वाला समय में अपने लक्ष्य को हासिल करने दुगुना प्रयास करने से निश्चित सफलता मिलती है। उसके लिए हमें लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करना चाहिए कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। पढ़ाई केवल नौकरी के उद्देश्य से ना करें बल्कि आत्म निर्भर बनने की सोच के साथ शिक्षा ग्रहण करें।

9 से 18 आयु वर्ग के 100 मीटर दौड़ में प्रथम उषा साहू पाटन, द्वितीय भावना यादव पाटन, 400 मीटर दौड़ में प्रथम मुस्कान ठाकुर पाटन , द्वितीय धारा निषाद दुर्ग, तवा फेंक प्रथम तनुजा पाटन, ओमकुमारी धमधा, वेटलिफ्टिंग 40 किग्रा वर्ग में प्रथम रेशम पाटन, द्वितीय लोकेश्वरी पाटन, 45 किग्रा वर्ग में प्रथम क्षमा पाटन, द्वितीय योगेश्वरी पाटन, रस्साकसी प्रथम धमधा, द्वितीय पाटन, वालीबाल प्रथम दुर्ग, द्वितीय धमधा, कुश्ती में प्रथम अंकिता दुर्ग, द्वितीय उर्वशी दुर्ग, खोखो में प्रथम दुर्ग द्वितीय पाटन की टीम रही।

18 से 35 आयु वर्ग 100 मीटर दौड़ में प्रथम पायल पटेल दुर्ग, द्वितीय किरण साहू पाटन, 400 मीटर में प्रथम उमा साहू दुर्ग, द्वितीय तोशिका पाटन, तवा फेंक प्रथम नम्रता साहू पाटन, द्वितीय गायत्री धमधा, कुश्ती में प्रथम नेहा सेन दुर्ग, द्वितीय रमा सोढ़ी दुर्ग, बैडमिंटन प्रथम आशु राजपूत पाटन, रस्साकसी प्रथम दुर्ग की टीम रही। सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन संतोष यादव ने एवं आभार प्रदर्शन जयंत वर्मा ने की।

इस अवसर पर पोखन साहू, शकीला देवदास, बाला राम साहू, नीता सोनी, पवन यादव, मनीष साहू, टिकेश साहू, रुक्मणि यादव, ललित साहू, संजय निषाद, अशोक रिगरी, प्रदीप भुवाल, शिव रजक, दुष्यंत मोहबीया, जयश्री बेंद्रे, उषा श्रीरंगे, नरेश साहू, भरत साहू सहित धमधा, पाटन एवं दुर्ग विकासखंड के खेल प्रशिक्षक व प्रतिभागी उपस्थित थे।

**खेलकूद प्रतियोगिता में पाटन ब्लॉक का रहा दबदबा**




## अंचल की खबरें

### रामपुर में अवैध प्लाटिंग पर पालिका ने की कार्रवाई



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रं 17 रामपुर (चोरहा) अहिवारा रोड में निजी भूमि में अवैध प्लाटिंग किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नेतराम चन्द्राकर के निर्देश पर नगर पालिका के राजस्व शाखा के द्वारा अवैध प्लाटिंग किये जाने हेतु निर्मित संरचना को नष्ट करने की कार्यवाही की गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई हैं कि भूमि क्रय विक्रय करने के पूर्व नगरपालिका एवं संबंधित विभाग से पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लेवे कि वह भूमि वैध या अवैध हैं।

### जया ने प्रशासन से की ट्राई साईसिकल की मांग

**पाटन।** पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत तरीघाट की रहने वाली जया खुटियारे की पढ़ाई में कठिनाई आ रही है। जया खुटियारे बचपन से ही अपने दोनों पैरों से विकलांग है। वे बचपन से ही पढाई लिखाई में माहिर है,जया खुटियारे ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में ट्राई सायकिल के लिए आवेदन भी दे चुकी है, लेकिन ट्राई सायकिल समस्या का हल अभी तक हो पाया है। जया खुटियारे पाटन कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में अध्ययन कर रही है। ग्राम पंचायत के सरपंच से भी ट्राई सायकिल दिलाने की गुहार लगाई गई लेकिन अभी तक नही मिली है। जया खुटियारे के लिए ट्राई सायकिल कॉलेज प्रशासन को इस बात को ध्यान में रख कर सरकार से मांग करनी चाहिए ताकि जया जैसे और बच्चों के लिए एक उचित समय मे वे कॉलेज पहुंच सके। जया खुटियारे के परिवार एक गरीब मजदूर परिवार से विलांग करते है उनके पास बस का किराया देने के लिए नही हो पाती है पैसे लेकिन जया खुटियारे नही नही मानी हार वे प्रतिदिन की तरह रोजना कॉलेज आती है। उनके पिता समारू खुटियारे रोजी मजदूरी की काम करते है।



### सेलूद में पंचराम की 24वीं पुण्यतिथि मनी



**सेलूद।** ग्राम सेलूद पटेल चौक के साक्षरता स्मारक स्थल पर लोक कलाकार स्व. पंचराम बनपेला की चौबीसवी पुण्यतिथि मनाई गई। ग्राम सेलूद के लोक कलाकार के रुप में अपनी पहचान बनाने वाले लोक कलाकार अपने समय में लीला मंडली साक्षरता कला जत्था और क्षेत्र के प्रसिद्ध सांस्कृतिक कार्यक्रम छेरछेरा में अपनी अदभुत अभिनय के दम पर दर्शकों में छाप छोड़ने वाले लोक कलाकार पंचराम बनपेला को पटेल चौक में ग्रामीणों ने याद किया । इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक दऊवा राम वर्मा ने बनपेला को याद करते हुए कहा कि हमेशा हसमुख स्वभाव और मिलनसार रहे। बनपेला के साथ मिलने बात करने से उनसे मिलने वाले का मन आनंदित हो जाता था इस अवसर पर सरपंच खेमिन साहू, नंद कुमार तिवारी, तारेन्द्र बंछोर, अशोक जैन, बलराम वर्मा, नंद ठाकुर, खूबचंद साहू, अनिल बनपेला, कौशल बनपेला, दिलीप ठाकुर, विष्णु प्रसाद साहू आदि उपस्थित थे।

# नगर पंचायत उतई में पीआईसी की हुई बैठक, विविध विषयों पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

■ 223.98 लाख रु के विकास कार्यों की किया स्वीकृति

नगर पंचायत उतई में पीआईसी की बैठक नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। नगर मे लगभग 223.98 लाख रु के विकास कार्यों की स्वीकृति किया गया जिसमें 15 वे वित्त अंतर्गत वार्ड नं 3 में चंद्राकर हार्डवेयर से पानी टंकी तक रोड चौड़ीकरण 4.33 लाख रु, वार्ड 2 गोपाल मोबाईल दुकान से कन्या शाला के सामने इंटरलोकिनिंग कार्य 1.64 लाख, वार्ड 9 गणेश मंदिर के पास रोड चौड़ीकरण 4.76 लाख, 15.30 लाख रु से आरसीसी नाली निर्माण, वार्ड 8 कड़रा तालाब जीर्णोद्धार/सौन्दर्यीकरण कार्य 39.71 लाख रु, वार्ड 3 नाऊ डबरी तालाब जीर्णोद्धार/सौन्दर्यीकरण कार्य 42.91 लाख, वार्ड 9 डबरी तालाब जीर्णोद्धार/सौन्दर्यीकरण 28.25 लाख रु, वार्ड 11 आदर्श नगर डबरी तालाब जीर्णोद्धार/सौन्दर्यीकरण कार्य 24.63 लाख , नान मिलियन प्लस सिटी वाटर सेक्टर अंतर्गत निकाय क्षेत्र मे हेंड पम्प में ऑटो मेटीक वाटर क्लोरिनेशन सिस्टम 19.95 लाख, टाइट ग्रांड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत वाहन उपकरण सामग्री 35.50 लाख रु की स्वीकृति, वार्ड 8 टेकसींग कोसरिया घर क़े पास मंच संधारण एवं वार्ड 15 आजाद चौक क़े पास मंच संधारण कार्य, पटवारी कार्यालय क़े पास शासकीय भूमि मे पटवारी आवास एवं 1000 फिट जमीन समरस सियान सदन के लिए जमीन अबटन एवं अध्यक्ष के अनुमति से वार्ड 13 एवं 14 शीतला मंदिर के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य 10.00 लाख रु की कार्य एवं वार्ड 7 मंगल भवन के पास एसटीएफ निर्माण कार्य जिसमे नगर के नाली से बहने वाली गंदे पानी को पाईप लाइन के माध्यम से एसटीएफ के माध्यम से फिल्टर करने के कार्यों की स्वीकृति किया गया। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष डीकेन्द्र हिरवानी की अध्यक्षता में प्रस्ताव पास किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, लोकनिर्माण प्रभारी तोषण लाल साहू, सुरता सिंह गढ़े, किरण गोस्वामी, बीरेंद्र गोस्वामी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र नायक, उपभियंता भुवन कौशिक, लुकेश्वरी देवांगन, योगेश साहू की उपस्थिति में प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा गया।

## बौद्ध समाज ने धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस और वर्षावास मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं वर्षावास समापन का कार्यक्रम बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में सम्पन्न हुआ। भा. बौ. महासभा कुम्हारी की अध्यक्ष प्रेमलता डोंगरे ने तथागत बुद्ध व बोधिसत्व डॉ. बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।

वरिष्ठ उपासिका वंदना गायकवाड़ के नेतृत्व में जनसमुदाय ने सामूहिक पंचशील ग्रहण किया गया। इस अवसर पर प्रेमलता डोंगरे ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर हमारे मुक्तिदाता हैं। धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस पर उन्होंने अपने लाखों अनुयाइयों के साथ नागपुर में बौद्ध धम्म की दीक्षा ली थी। विशेष अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता मुकुंद राठोड़ ने धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर बधाई देते हुए बाबा साहब अम्बेडकर के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सुरेश वाहने ने बुद्ध के मानवीय प्रसंगों पर अपनी बात रखी। पूर्व अध्यक्ष करूणा मेश्राम ने वर्षावास की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ उपासक नरेश खोब्रागड़े ने बाबा साहब अम्बेडकर के योगदान को याद करते हुए उद्बोधन दिया। बुद्ध विहार में वांछित सामग्रियों के लिए दान देने वाले उपासक-उपासिकाओ का समाज की ओर से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मैत्रीभोज का आयोजन रखा गया, जिसमें सात्विक भोजन का जनसमुदाय ने आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक किशन बोरकर ने व आभार प्रदर्शन उपासिका नलिनी पारेकर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अन्नु ताई शिवनकर, सावित्री बाई सहारे, हंसराज गजभिए, डिगम्बर टेंभेकर, वंदना पाटिल, सुनिता साखरे, ललिना जाम्बुलकर, पूजा जनबंधु आदि का योगदान रहा।



इंपैक्ट फीचर

### डिफाल्टर की अचल संपत्ति पर डीआरटी ने लिया कब्जा, यूको बैंक से ऋण में उक्त संपत्ति थी बंधक



**भिलाई।** माननीय न्यायालय ऋण वसूली अभिकर जबलपुर (मप्र, छग) के रिकवरी ऑफिसर प्रीति देसाई के आदेश व कोर्ट कमीश्नर महेश पाण्डेय एडवोकेट के द्वारा पुराने एनपीए खाते में डिफाल्टर के अचल संपत्ति को कब्जे पर लेने का आदेश परित किया गया था। आदेश पर कोर्ट कमीशन ने कार्यवाही की। महेश पाण्डेय ने बताया कि संतोष कुमार साहू ने यूको बैंक से ऋण प्राप्त किया था, जिसमें उक्त संपत्ति को बंधक किया था। जिसका विवरण संपत्ति मौजा ग्राम-जंजगिरी, प.ह.न. 11, रा.नि.मं. कुम्हारी, तह. भिलाई 03, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 261/4, 261/5 कुल रकबा 1056.41 वर्गफीट, संपत्ति स्वामी संतोष कुमार साहू एवं मेकल साहू निवासी गंगा नगर चरोदा की उक्त बंधक संपत्ति कुम्हारी पुलिस बल की सहायता से कुर्क किया गया।

## बिजनेस साइट

# नरेश टीवीएस में ऑफरों की बौछार




**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है साथ में पेट्रोल फ्री दिया जाएगा। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।

## चिराग आटोडील को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद

**भिलाई।** बोरसी रोड महाराजा चौक में स्थित चिराग आटोडील में सभी प्रकार के सेकण्ड हैंड चार पहिया वाहन की बिक्री की जाती है। चिराग आटोडील के संचालक सोनू सोनवानी ने बताया कि हमारे यहां छत्तीसगढ के सभी जिला बेमेतरा, रायपुर, बलौदाबाजार, बालोद, खैरागढ, राजनांदगांव, अंबागढ चौकी, गुण्डरदेही, अभनपुर, मुंगेली के ग्राहक आ करके वाहन लेकर गए हैं और संतुष्ट हैं। नवरात्रि के समय ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा था। दिपावली त्योहार सीजन को देखते हुए गाडी के साथ आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। दिवाली धमाका ऑफर के तहत धनतेरस, लक्ष्मीपूजा में जो भी ग्राहक गाडी लेकर के जाएगा उसे गाडी में फूल डीजल, पेट्रोल टंकी में दिया जाएगा। गाडी खरीदने पर चिराग आटोडील में फाइनेंस, आरटीओ एवं इंश्योरेंस की सुविधा दी जा रही है।




# गुरु के बिना मुक्ति नहीं मिलती: दौलत सिंह



**सेलूद।** श्री गुरु भागवत की कथा को जन-जन पहुँचाने के उद्देश्य से उसके प्रचार में लगे समिति के अध्यक्ष दौलत सिंह ठाकुर ने कहा कि जीवन में गुरु के बिना कभी भी मुक्ति नही मिलती है। श्री गुरुभागवत में गुरुभक्ति एवं गुरुतत्व का अपूर्व समाहार हुआ है। गुरुभागवत एक भावगत साहित्य है। वास्तव में गुरु के बिना मुक्ति नही मिलती है। किंतु सद्गुरुओं की संख्या जिस समय विरल होती है, उन्हें खोज पाना साधारण मनुष्य के लिए और भी दुरूह हो जाता है, उस समय श्री गुरुभागवत का प्रयोजन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। गुरु नाव मैं भव सागर पार करने के उद्देश्य से आध्यत्मिक पथ के प्रत्येक यात्री के लिये यह ग्रंथ संग्रहणीय और नित्य पठनीय है। यह ग्रंथ भक्तो मैं श्री गुरुभक्ति की अमृत धारा प्रवाहित करके गुरुभक्ति मैं उत्तरण करेगा। इस ग्रंथ का पाठ करके गुरुभक्ति के मार्ग मैं अग्रसर हो सकेंगे। समग्र रूप से जीवन के मूल उद्देश्य को प्राप्त करने मे सहायक होने वाले इस ग्रंथ की महिमा अतुलनीय है। मानव जीवन के परमार्थ के लिए यह अत्यंत उपादेय है और इसे युगोपयोगी ग्रंथ कहना अतियुक्ति नही होगी। यह ग्रंथ केवल भागवत नही है, अपितु यह भावगत सत्य है।

## अंतरमहाविद्यालयीन महिला कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में 15 व 16 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन कबड्डी (महिला) प्रतियोगिता का समापन हुआ। यह प्रतियोगिता उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेन्द्र कुलदीप कुल सचिव हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि राजन दुबे अध्यक्ष शैलदेवी महाविद्यालय अंडा थे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालयों से कुल 24 महिला कबड्डी टीमों ने भाग लिया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा, "महिलाओं को खेलों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना, समाज में लैंगिक समानता और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं प्रतियोगिता के दूसरे और अंतिम दिन फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें शा. खूबचंद बघेल महाविद्यालय भिलाई-3 विजेता एवं शा. दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रजनी राय सहसंचालक, शैलदेवी महाविद्यालय द्वारा विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस आयोजन में पर्यवेक्षक के रूप में लोकेश्वर ठाकुर, शा.दानवीर तुलाराम कालेज, ऊतई एवम् लक्ष्मेण कुलदीप, साइंस कॉलेज, दुर्ग थे, वहीं चयनकर्ता के रूप में डॉ. रमेश त्रिपाठी, शा. कॉलेज भिलाई–3 एवं श्री दुर्गा प्रसाद जँघेल, शा. कालेज, बेमेतरा थे। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न महाविद्यालयों से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए अनेक प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129


04 यह फैशन है...?

## लाइव इवेंट

### भिलाई चेम्बर स्कूली बच्चो द्वारा घर घर पहुँचा रहा, आया त्योहार चलो बाजार का संदेश



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित आया त्योहार चलो बाजार का संदेश घर घर तक पहचाने भिलाई चेम्बर के पदाधिकारी स्कूल में जाकर छात्र-छात्राओं को संदेश दे रहे है कि ऑनलाइन खरीदी से तौबा करे इस बार त्योहारों की खरीदी लोकल बाजारों से करे। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने अभियान में सबसे ज्यादा सक्रिय है।उन्होंने बताया कि विभिन्न स्कूलों में जाकर बाजारों की रौनक बढ़े औऱ शहर के व्यापारियों की आर्थिक व्यवस्था मजबूत हो ऐसा ही एक संदेश युवा पीढ़ी को दे रहे है।पत्रक के माध्यम से यह भी संदेश दिया जा रहा है कि लोकल बाजारों से खरीदी करते है तो आप समान छू कर महसुस कर संतुष्टि प्राप्त कर सकते है। लोकल बाजारों से खरीदी का फायदा यह भी है कि व्यापारियों से आपके रिश्ते मजबूत होते है जबकि ऑनलाइन खरीदी से आप रिश्ते नही बना पाते।

#### अभियान में मिल रहा शिक्षकों का सहयोग

ऑनलाइन खरीदी से कभी कभी धोखे का शिकार भी होना पड़ सकता है। इस अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है स्कूल में छात्र छात्राओं के साथ साथ शिक्षक व शिक्षिकाएं भी इस अभियान में पूर्ण समर्थन देकर संकल्प ले रहे है कि इस बार त्योहारों की खरीदी लोकल बाजारों से करेंगे।

स्कूल के अलावा कोचिंग सेंटर में जाकर भी विद्यार्थीयो को इस अभियान से जोड़ा जा रहा है।गार्डन में विभिन्न भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने भी भिलाई दुर्ग की जनता से अपील करते हुए कहा कि खुशियां बाजारों में मिलती है, इस बार त्योहारों की खरीदी लोकल बाजारों से ही करें। इस अभियान में मुख्य रूप से शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, सुमन कन्नोजे, चिन्ना राव, अजय निदान, कुलदीप सिंह, विकास सिंह लोगो को जागरुक करने में लगे हुए है।



## सिटी इवेंट

### रसायन विज्ञान का महत्व बताने व जागरुकता लाने नेशनल केमिस्ट्री वीक का आयोजन



**भिलाई।** नेशनल केमिस्ट्री वीक के अवसर पर स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में रसायन विज्ञान पर आधारित पोस्टर, वाद-विवाद और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में रोजमर्रा की जिंदगी में रसायन विज्ञान का महत्व बढ़ाना तथा जागरूकता लाना था। स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय की रसायन शास्त्र विभाग द्वारा स्पेक्ट्रम केमिकल सोसायटी के अंतर्गत नेशनल केमिस्ट्री वीक का आयोजन किया गया। नेशनल केमिस्ट्री वीक के प्रथम दिन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय रसायन विज्ञान पर आधारित पहेली था । कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की संयोजिका डॉ एस रजनी मुदलियार ने कहा की नेशनल केमिस्ट्री वीक में विद्यार्थियों के मध्य रोजमर्रा की जिंदगी में रसायन विज्ञान का महत्व बढ़ाना तथा विद्यार्थियों के मध्य जागरूकता लाने किया गया था। नेशनल केमिस्ट्री वीक में विभिन्न पर प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता,बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट तथा फूड स्टॉल प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम कराए जाएंगे। नेशनल केमिस्ट्री वीक के प्रथम दिन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।


■ विद्यार्थियों ने जाना रोजमर्रा की जिंदगी में रसायन विज्ञान का महत्व

महाविद्यालय बीएससी द्वितीय वर्ष कंप्यूटर साइंस की छात्राओं फुलप्रीत, पूजा, तथा लक्ष्मी ने क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पर एमएससी रसायन शास्त्र तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं अनुकृति, अंकिता व रश्मि रही। तृतीय स्थान पर एमएससी रसायन शास्त्र तृतीय सेमेस्टर की छात्राएं रेणुका शीतल, चंद्रकिरण रही। प्रतियोगिता में जज विभागाध्यक्ष बायोटेक्नोलॉजी विभाग डॉ शिवानी शर्मा और विभागाध्यक्ष माइक्रोबायोलॉजी विभाग डॉ शमा ए. बेग जज के रूप में उपस्थित थी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ हंसा शुक्ला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां प्रदान करते है तथा उनमें जागरूकता उत्पन्न करते हैं। महाविद्यालय की उप-प्राचार्या डॉ अजरा हुसैन ने विद्यार्थियों को कार्यक्रम बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए उत्साहवर्धन किया।

● करवा चौथ की खरीदारी के लिए ब्यूटी पार्लर, कपड़े व ज्वेलरी पर दिए जा रहे हैं आकर्षक ऑफर, बाजार में बढ़ी रौनक

# त्यौहारों में एचडी मेकअप व हाइड्रा फेशियल महिलाओं की पहली पसंद, वहीं आयुर्वेदिक व नेचुरल रेमेडी की ओर रुझान ज्यादा

करवाचौथ पर्व को लेकर बाजार में सुहागिनों ने खरीदादरी शुरु कर दी है। ऐसे में बाजार भी नए नए डिजाइन के कपड़ों, चुड़िया व ज्वैलरी से लैस हो गए है। करवाचौथ का पर्व रविवार को मनाया जाएगा। इसके लिए ब्यूटी पार्लर में एडवांस देकर प्री बुकिंग कर ली गई है। करवा चौथ के पर्व पर महिलाएं खूब सजती सवंरती है। इन दिनों बाजारों में महिलाओं की भीड़ दिख रही है। शहर के सेक्टर 6 ए मार्केट, रिसाली, पावर हाउस, दुर्ग इंदिरा मार्केट के बाजार गुलजार हो रहे है। कुछ स्थानों पर मेहंदी और सजने-संवरने के लिए स्टॉल भी लगाए गए हैं।



**भिलाई।** ब्यूटी पार्लर द्वारा भी विभिन्न तरह के पैकेज से सुहागिनों को लुभाया जा रहा है। इसके अलावा कपड़ा मार्केट में भी खासी रौनक है। तो वहीं सर्राफा बाजार में पहले से ज्यादा चमक आ गई है। इस करवाचौथ पर कारोबारियों को अच्छे कारोबार की उम्मीद जताई है। करवा चौथ के चार दिन बाद अहोई अष्टमी का पर्व मनाया जाता है। ऐसे में बाजार ग्राहकों से गुलजार होने लगे हैं। आने वाले करवा चौथ व दिवाली के चलते महिलाओं के स्वागत और खरीदारी के लिए बाजार पूरी तरह से सज चुके हैं। आकाशगंगा, सिविक सेंटर, दुर्ग बाजार में कपड़े व ज्लेवरी की दुकानों में नई-नई वैरायटी तैयार कर ली गई हैं। वहीं ग्राहकों के नए-नए ऑफर भी दिए जा रहे हैं।

### पूरे जोश के साथ महिलाएं पहुंच रही खरीदारी करने बाजार

करवाचौथ पर बाजार में उतारी गई लाइट वेट ज्वेलरी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। सिल्क आभूषण भी पसंद किया जा रहा है। इसमें भी पांजेब, ब्रेसलेट चांदी और सोने दोनों में ही उपलब्ध हैं। पर्व को लेकर शहर के विभन्न ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं का सजने-संवरने के लिए आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। शहर के प्रतिष्ठित ब्यूटी पार्लरों ने करवाचौथ को देखते हुए स्पेशल पैकेज जारी किए हैं, जिनमें पैडीक्योर, मैनीक्योर, फेशियल शामिल है।

### हाइड्रा फेशियल व एचडी मेकअप का चढ़ा रंग



मिरर सैलून ब्यूटी एकेडमी दुर्ग की संचालिका परी चंद्राकर ने बताया कि सोशल मीडिया के दौर में अब महिलाएं पहले की अपेक्षा एडवांस हो गई है। टीवी सीरियल, इंस्टा, रील बनाने के लिए वे पहले से ही एचडी प्रोडक्ट मेकअप, हाइड्रा फैशियल के लिए प्री बुकिंग करा चुके है लेकिन काफी महिलाओं का आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट, पंचकर्म, नेचुरोपैथी की ओर रुझान दिख रहा है। हाइड्रा फैशियल और रेगुलर हाइड्रा एडवांस फोटो फैशियल 25प्लस कोई भी करा सकता है फेस के पिगमंटेशन को डीपली क्लीन करता है। वहीं आयुर्वेदिक ट्रीटमेंट, नेचुरोपैथी व पंचकर्म में शहद, वैजीटेबल, फ्रूट पल्प, एलोवेरा, जूस आदि से फैशियल और ट्रीटमेंट की ओर रुझान बढ़ा है साथ ही सोना बाथ स्टीम बाथ नेचुरल रैमिडी को ज्यादा प्रीफर कर रहे है जो बॉडी को डिटाक्स करता है।

### स्पेशल पैकेज के रेट पर स्पेशल छूट

परी चंद्राकर ने बताया की त्यौहारों के सीज को देखते हुए सभी दुकानों मे छूट दी जा रही है। मेंहदी लगवाने के लिए एडवांस बुकिंग वहीं, कई ब्यूटी पार्लर ने अपने स्पेशल पैकेज के रेट पर स्पेशल छूट घोषित की है। करवाचौथ तक पार्लर में महिलाओं की खूब गहमा-गहमी रहेगी।

बुटिक संचालिका प्रभा गुप्ता ने बताया कि करवाचौथ, दीपवली और छट्ठ पूजा को ध्यान में रखते हुए

महिलाओं में शिफान, जार्जेट अथवा नेट वर्क, ब्रासो, ब्रोकेट, क्रेप की साड़ियां पहली पसंद बनी हुई है। बाजार में इन दिनों विभिन्न टीवी सीरियलों के महिला किरदारों के नाम से मिल रही हैं। वहीं बनारसी, हैदराबादी व लुधियाना की साड़ियों की खास डिमांड है। महिलाएं लेटेस्ट फैशन के बारे में सीरियलों से जानकारी लेती रहती हैं। रंगों में इस दौरान लाल व मैरून के अलावा नीले, हरे, पीले नारंगी रंग के अलावा मल्टी कल्र्ड परिधान चल रहे हैं। ज्यादातर साड़ियां हैवी पल्लू वाली चल रही हैं। वहीं मिट्टी के बने करवा की बाजार में भरमार है। मिठाई की दुकानों पर भी विशेष प्रबंध

करवा चौथ को लेकर मिठाई की दुकानों पर भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। करवा चौथ पर घर में बनाई जाने वाली फैनियों व फीकी मठ्ठियों की व फलों की बिक्री जोरों पर है। व्यापारियों के अनुसार इन दिनों बार में छोटे पर्दे के टीवी सीरियल की महिला किरदारों द्वारा पहने जाने वाले आभूषण, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, साड़ी, चूड़िया, कड़े ही नहीं बल्कि बिंदी की काफी मांग हैं। ज्वेलर्स के संचालक बताते हैं कि उनके पास अलग अलग प्रकार के डिजाइन की ज्वेलरी है।



## कॉलेजों की फैकल्टी से लेकर आम आदमी तक अपने आइडिया को करा सकते है पेटेंट व रजिस्टर्ड

**भिलाई।** पेटेंट, ट्रेडमार्क और कॉपीराइट पर रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रही दो दिवसीय आईपीआर वर्कशॉप का समापन हुआ। इस वर्कशॉप में एक्सपर्ट गुजरात की माइक्रेवव कंसलटेंसी एंड सर्विसेज के सीईओ ध्रुव ब्रम्हभट्ट और सीओओ पूजा मेनन शामिल हुए। उन्होंने बताया कि कॉलेजों में पढ़ा रही फैकल्टी से लेकर आम आदमी तक अपने आइडिया को पेटेंट व रजिस्टर्ड करा सकता है। एक्सपर्ट ने तीन हजार स्टूडेंट्स और रूंगटा बिजनेस इन्क्यूबेटर के 20 से अधिक स्टार्टअप को आईपीआर की अवेयरनेस और उनसे होने वाले फायदे बताए। स्टार्टअप के लिए आईपीआर की जरूरतो को समझाया। एक्सपर्ट ने ट्रेडमार्क्स पर डिसकस किया। भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप को मिलने वाली स्कीम्स के बारे



में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में रूंगटा ग्रुप के डायरेक्टर रिसर्च एंड डवलपमेंट डॉ. एजाजुद्दीन और डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया ने रिसर्च के क्षेत्र में इंटलेक्चुअल प्रॉपटी राइट्स की अहमियत बताई। कॉलेज की 358 फैकल्टी भी वर्कशॉप में शामिल रहे। एक्सपर्ट ने बताया कि संस्था विद्यार्थियों के इनोवेटिव आइडिया को एक मंच प्रदान करती है। इसके लिए रूंगटा ग्रुप और माइक्रेव के बीच एमओयू किया गया है। जिसका मकसद टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने और उस इनोवेशन को पेटेंट, कॉपीराइट, इंडस्ट्रियल डिजाइन, ट्रेडमार्क कराने के लिए लगातार एक-दूसरे का सहयोग करना होगा। पिछले सात साल में इस संस्थान की मदद से 123 पेटेंट फाइल किए गए हैं, जिसमें 88 को स्वीकार करते हुए ग्रांट दी गई। डीन रिसर्च एंड डवलपमेंट डॉ रामकृष्ण राठौर ने बताया कि दो दिनों की यह वर्कशॉप फैकल्टीज के लिए फायदेमंद रही। वर्कशॉप में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिया गया।

## सतर्कता निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्राची, कोमल व मुस्कान बने विजेता



**भिलाई।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, निगमन कार्यालय भिलाई द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर आमदी नगर विद्या निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल हुडको भिलाई में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या माधुरी कलशकर एवं सतर्कता उपमहाप्रबंधक प्रभाकर सिंह ठाकुर, कार्मिक व प्रशा. वरिष्ठ प्रबंधक शिवदत कुमार चौबे एवं राजभाषा अधिकारी छगनलाल नागवंशी, आमदी नगर शिक्षा समिति महासचिव आरडी साहू और विशेष कार्य अधिकारी मो.युनुस उपस्थिति में सतर्कता निबंध लेखन प्रतियोगिता संपन्न हुई। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुरुआत मंगल दीप प्रज्जवलन कर की गई। इस दौरान प्रभाकर सिंह ठाकुर ने सतर्कता जागरूकता की आवश्यकताओं और इसे अभियान के रूप में घर, परिवार, समाज से प्रारंभ कर अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन सुनिश्चित कर भ्रष्टाचार जड़ से समाप्त होने की जानकारी दी।

- देश राग में आज होगा श्रीश्री जयपद्मा सम्मान समारोह

कार्नर न्यूज

## कथक व मोहिनी अट्टम की भावभंगिमाओं ने मोहा मन, आज देंगे गीत गोविंदम और अष्टपदी की प्रस्तुति

**250 बच्चों ने दी प्रस्तुति, 115 को मिला प्रशस्ती पत्र और मोमेंटो**



आयोजक नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि आयोजन के छठवें दिन एसएनजी विद्या भवन सेक्टर-4 भिलाई और सुराना कॉलेज दुर्ग में 250 बच्चों ने कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक, मोहिनी अट्टम की प्रस्तुति दी। निर्णायक दल द्वारा दिए गए अंक के आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले 115 बच्चों को प्रशस्ती पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इंदौर के आशीष पल्लई और मोरध्वज साहू कोरबा की टीमों द्वारा दी गई समूह नृत्य विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। देश के अलग अलग राज्यों से पहुंची दूसरे कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को बांधे रखा।





**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा आयोजित देश राग ओपन राष्ट्रीय नृत्य, संगीत सहित ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिता के छठवें दिन करीब 250 बच्चों ने प्रस्तुति दी। इनमें करीब 115 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय तबला वादक पं. प्रोसेनजीत पोद्दार, पश्चिम बंगाल सरकार में सांस्कृतिक विभाग के दीपक सरकार, मोरध्वज वैष्णव कोरबा बतौर अतिथि शामिल हुए।

### आज नृत्य के माध्यम से देंगे श्रद्धांजलि

डॉ. राखी रॉय ने बताया कि 19 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे से श्रीश्री जयपद्मा सम्मान समारोह का आयोजन एसएनजी विद्या भवन सेक्टर-4 भिलाई में किया गया है। 12वीं सदी के महान भारतीय संस्कृत कवि श्री श्री जयदेव ने भगवान कृष्ण को अपनी रचनाएं समर्पित की। उन्होंने गीत गोविंदम और अष्टपदी जैसी शानदार रचनाएँ रचीं, जिनके बिना भारतीय शास्त्रीय नृत्य अधूरे हैं और उन्होंने भारतीय साहित्य के खजाने में अनमोल रत्न जोड़े हैं। महान कवि श्री श्री जयदेव और उनकी पत्नी पद्मावती, जो एक दूसरे से अविभाज्य हैं, को श्रद्धांजलि देने और उनका सम्मान करने के लिए समारोह का आयोजन शनिवार को रखा गया है।

● ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन सेक्टर-6 में बांटी गई अमृत वर्षा की खीर

# ब्रजमंडल में महारास गरबा कर कृष्ण संग गोपियों की लीलाओं की दी प्रस्तुति, मनाई शरद पूर्णिमा

**भिलाई।** शरद पूर्णिमा तिथि दो दिन के अनुसार कई स्थानों में सूर्योदय पर पूर्णिमा तिथि पड़ने के चलते गुरुवार को शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ब्रजमंडल भिलाई के गीताभवन सेक्टर 6 स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सुबह पंडित सरजू प्रसाद द्विवेदी ने श्री राधा-कृष्ण के विग्रह का विशेष साज श्रृंगार यजमान प्रदीप कुमार वर्मा सपरिवार द्वारा सुगंधित दृव्य, गंगा जल,पंच गव्य सहित सुगंधित द्वारा पुष्पों भगवान श्रीराधा कृष्ण का विशेष महाभिषेक कराया। दो सत्रों में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे सत्र में शाम को शरद पूर्णिमा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन ब्रजमंडल द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि समीर राय चौधरी मुख्य महाप्रबंधक कोक ओवन विभाग और मुनीश कुमार गोयल मुख्य महाप्रबंधक एमडब्लूआर मिल विभाग बीएसपी का स्वागत संस्था संरक्षक अतवीर सिंह राघव एवं उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।





### दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति

महारास गरबा नृत्य में भिलाई - दुर्ग के विभिन्न नृत्य समूहों ने भाग लिया। जिसमें वेणु नाग डांस टीम, टी. अर्निका विश्वास की नटराज डांस एकेडमी दुर्ग की टीम, हरीश एवं उनकी डांस टीम, रश्मि पाण्डेय एवं उनके मां भगवती रास गरबा ग्रुप, विजय साहू की गरबा टीम और जयकुमार की गरबा डांस ग्रुप ने एक से बढ़कर एक गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में समस्त कलाकारों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया एवं सभी को खीर प्रसाद वितरित किया गया।

### पूर्णिमा का बताया पौराणिक महत्व



शाम को महाआरती के बाद मंदिर प्रांगण में विशेष प्रस्तुति महारास गरबा नृत्य कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तोता कृष्ण कुमार प्यासी के मंच संचालन में किया गया। श्री प्यासी ने शरद पूर्णिमा के पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शरद पूर्णिमा पर श्रीकृष्ण का महारास ब्रज क्षेत्र में किया गया था। शरद पूर्णिमा, जिसे रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है, अश्विन महीने की पूर्णिमा को भगवान कृष्ण के जीवन में एक महत्वपूर्ण घटना घटीः गोपियों के साथ मोहक महारास। यह दिव्य नृत्य चांदनी रात में गोवर्धन पर्वत के पास पारसोली गांव में स्थित सुर श्याम सरोवर में हुआ था। भगवान कृष्ण ने जब अपनी बांसुरी बजाई तो उसकी मनमोहक धुन ने सभी गोपियों को उनके दैनिक कार्यों से दूर कर दिया। उनके दिव्य आकर्षण से मोहित हर गोपी उनके साथ नृत्य करने के अवसर की लालसा कर रही थी। प्रेम और भक्ति के चमत्कारी प्रदर्शन में कृष्ण ने प्रत्येक गोपी के साथ नृत्य किया, जिससे उनकी इच्छाए पूरी हुईं। ऐसा कहा जाता है कि भगवान कृष्ण अनगिनत रूपों में प्रकट हुए और हर गोपी के साथ नृत्य किया। यह दिव्य दृश्य इतना मनमोहक था कि इस दृश्य से मंत्रमुग्ध होकर चाँद भी अपने आकाशीय पथ पर रुक गया और महारास का नज़ारा देखा। यह कालातीत घटना आध्यात्मिक प्रेम के आनंद और सांसारिक सीमाओं के पार होने का प्रतीक है, जो भक्तों को उस दिव्य संबंध की याद दिलाती है जिसे वे भक्ति के माध्यम से विकसित कर सकते हैं।



## सिटी इवेंट

# सतर्कता जागरुकता पर वाद-विवाद स्पर्धा आयोजित



**भिलाई।** सेल-बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत सप्ताह भर चलने वाले विभिन्न आयोजनों और प्रतियोगिता की कड़ी में शुक्रवार को सतर्कता विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7, भिलाई में एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय 'राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति अतिआवष्यक है। प्रतियोगिता में भिलाई और आसपास के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। उपमहाप्रबंधक दीप्ती राज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम का आरंभ किया और प्रतियोगिता के नियमों के बारे में जानकारी दी।

### विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत

प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में बीएसपी के महाप्रबंधक सुश्री सुष्मिता डे और उप महाप्रबंधक विक्रांत शरण थे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की और विजेताओं को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बीएसपी के शिक्षा विभाग के वरिष्ठ शिक्षक तथा प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक सहित बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन इंग्लिश मीडियम सीनियर सेकेंडरी (ईएमएसएस) स्कूल, सेक्टर-7 की व्याख्याता उमा पाण्डेय ने किया तथा उप महाप्रबंधक अंशुमन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के समापन समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जाता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह प्रतिवर्ष अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में मनाया जाता है और नवंबर के पहले सप्ताह तक जारी रहता है, इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई जाती है।

### छात्रों ने नवीन विचारधाराओं को किया व्यक्त

बीएसपी के उप महाप्रबंधक (सतर्कता) अंशुमन सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों एवं सम्मानित अतिथियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलायी। प्रतियोगिता अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने अपने नवीन विचारधाराओं को व्यक्त किया। कुछ छात्रों ने प्रस्ताव के पक्ष में बात की तो कुछ ने प्रस्ताव के विपक्ष में विचार प्रस्तुत किए। छात्रों द्वारा इस प्रतियोगिता में प्रस्ताव के पक्ष और विपक्ष में कई विचारोत्तेजक और न्यायोचित तर्क प्रस्तुत किए गए।

## एजुकेशन लाइव

# आर्ट ऑफ लिविंग, वीमेन हेल्थ और हाइजीन पर हुई कार्यशाला




**भिलाई।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में पूर्व राष्ट्रपति स्व. एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर विश्व विद्यार्थी दिवस मनाया गया और विद्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय गायत्री पीठ द्वारा आर्ट ऑफ लिविंग की क्लास रखी गई। जिसमें विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन, अच्छे संस्कार, कड़ी मेहनत और दूसरों के हित को ध्यान में रखते हुए एक सफल जीवन जीने के गुण सिखाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमंत व्यास और उनके सहयोगी विमल साहू ने विद्यार्थियों को अच्छा जीवन जीने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग से परिचित कराया। कार्यक्रम में डॉ रजनीश तिवारी ने विद्यार्थियों को नशे और लत से दूर रहने की बातें कही। विश्व विद्यार्थी दिवस पर डॉ कलाम के विचार देश के विकास के लिए हमेशा आगे बढ़ाने में सहायक है इन विचारों के साथ कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी चेतना सोनी ने किया। कार्यक्रम में डॉ रोशन आरा, डॉ लता मारकंडे, मेजराम जोशी सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सहयोग दिया।



### माहवारी स्वच्छता ही यूट्रस कैंसर का बचाव

महाविद्यालय की प्राचार्य नीता कुंभारे ने आर्ट ऑफ़ लिविंग को जीने का एक महत्वपूर्ण साधन बताया। इसके साथ ही महाविद्यालय में ईफा ट्रस्ट नई दिल्ली द्वारा छात्राओं के लिए माहवारी स्वच्छता पर विशेष कार्यशाला रखी गई। जिसमें उन्हें यूट्रस कैंसर के कारण और उससे बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्राम की पूर्व सरपंच शैलेंद्री मंडावी ने छात्रओं को माहवारी सुरक्षा व अच्छे सेनेटरी नैपकिन और घटिया किस्म के नैपकिन को प्रयोग करने से होने वाले नुकसानों की जानकारी छात्राओं से साझा की। कार्यक्रम के अंत में डॉ लता मारकंडे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की मोहिनी, मीनाक्षी, लेखमणि, चंद्रकला लक्ष्मी, सोमलता सहित अन्य विद्यार्थियों का योगदान रहा।

## आयोजन...

# 5 दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर 2024 का आगाज





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन इंडियन रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर द्वारा 18 से 22 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जम्बुरी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आयुक्त नगर निगम भिलाई बजरंग दुबे ने शिविर स्थल भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग शहर में व्यवस्थाओ को जायजा लिया। ताकि जम्बुरी में सभी आवश्यकताओं की प्रतिपूर्ति समय अनुसार की जा सके। भिलाई नगर निगम द्वारा प्रमुख रूप से जम्बुरी स्थल पर पीने के पानी, जम्बुरी स्थल, एरिना, स्नान गृह महिला एवं पुरूष के लिए प्रतिदिन 2 टेंकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था के लिए 10 से 12 महिला सफाई कर्मीयों को सुबह 6 से 2 बजे तक डयूटी लगाई गई है। जिसका मॉनिटरिंग निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा की जा रही है। निकायों को जम्बुरी को सफलता पूर्वक आयोजन करने के लिए विभिन्न दायित्वों को दिया गया है। जिनके द्वारा कार्यो को संपादित किया जा रहा है।

## सम्मान

# फल, सुंदरकांड किताब, जनेऊ व शॉल से कान्यकुब्ज समाज के वरिष्ठ हुए सम्मानित



**भिलाई।** कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम में षष्ठी पूर्ति सम्मान ( 60 वर्ष से अधिक) का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच मानव आश्रम के अध्यक्ष उमाकांत दीक्षित ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश को देखते हुए हमारे समाज में मानव का मानव के प्रति अटूट विश्वास, एकता, सहजता , सरलता और सहयोग करने की विचारधारा को कार्यान्वित करने पर विशेष ध्यान देना होगा। षष्ठी पूर्ति सम्मान के कार्यक्रम के दौरान समाज के युवा, प्रौढ़ वर्ग एवं षष्ठी पूर्ति सम्मान से सम्मानित होने वाले सदस्यों ने एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट गायन से वातावरण संगीतमय बना दिया। राकेश तिवारी के भजन ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर चन्द्रमा की शीतल चांदनी और अमृत रुपी ओस की बौछारों के बीच खीर भी बनाई गई। साथ ही षष्ठी पूर्ति सम्मान भी किया गया।



इस दौरान शिखा मिश्रा, अनिल अवस्थी, नरेश बाजपेयी, बृजेन्द्र नाथ मिश्र, उमेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश अवस्थी, उमाकांत मिश्रा, वंदना पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, हंसराज शुक्ल का षष्ठी पूर्ति सम्मान फल, सुंदर कांड पुस्तक, जनेऊ व शॉल से किया गया। कान्यकुब्ज सामाजिक चेतना मंच में सुरमयी संध्या का संचालन सचिव राकेश कुमार शुक्ला व षष्ठी पूर्ति सम्मान का बृज किशोर द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में खीर का प्रसाद सभी को वितरित किया गया।

## जीवन का एक क्षण भी खरीदा नहीं जा सकताः आचार्य डॉ. अजय आर्य

कार्नर न्यूज

## भजन संध्या और वैदिक प्रवचन से मनाया जन्मदिवस

# भारतीय संस्कृति के अनुरूप संस्कृत में छपा निमंत्रण पत्र और हुआ आयुष्काम यज्ञ

**भिलाई।** आजकल के चकाचौंध भरी लाइफ स्टाइल में आए दिन केक काटकर बर्थडे पार्टी, एनिवर्सरी सेलिब्रेट करने छोटे-बड़े आयोजन किये जाते है। इन सेलिब्रेशन से इतर होकर पिछले दिनों अंकित शर्मा शास्त्री द्वारा उनकी बेटी का प्रथम जन्मदिवस भारतीय संस्कृति के अनुरूप संस्कृत में छपा फ्लेक्स और निमंत्रण पत्र देकर आयुष्काम यज्ञ में आहूति कर साथ ही केक की बजाय मिठाईयां वितरित कर सात्विक वातावरण में आयोजन किया गया। वेदांशी शर्मा के प्रथम जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयुष्काम महायज्ञ का आयोजन भारतीय संस्कृति के अनुरूप संपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केक नहीं काटकर मिठाइयां बांटी गई। महायज्ञ में आहुति दी गई। निमंत्रण पत्र एवं फ्लेक्स संस्कृत में बनाए गए।



### यज्ञ में ये रहे उपस्थित

इस दौरान मुख्य यजमान अंकित शर्मा एवं रीता शर्मा, रमादेवी शर्मा, बिरंची मिश्रा एवं संजू मिश्रा, राहुल मिश्रा,कृष्ण तिवारी, भूपेश तिवारी, संजू तिवारी, दिनेश तिवारी, डोली तिवारी, आचार्य निलेश शर्मा, दुर्गी तिवारी, आचार्य जय शर्मा, विकास शर्मा, नरेंद्र दुबे, आर्य समाज के रवि आर्य, अनुपमा उपाध्याय सहित अन्य जनों ने मंगल कामनाओं के साथ पवित्र अग्नि में आहूति डाली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने बच्चों और परिवारों में भारतीय संस्कृति के अनुरूप ही कार्यक्रम करने की बातें कही। कार्यक्रम के दौरान अंकित शर्मा शास्त्री ने बताया कि मैं आर्य समाज से और गुरुकुल से जुड़ा हुआ हूं और भारतीय संस्कृति के साथ मेरा आत्मीय संबंध है। आचार्य डॉ अजय आर्य जैसे अनेक विद्वानों को मैंने सुना है इसी से प्रेरित होकर मैंने अपनी बेटी का जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाने का निश्चय किया था।

### डॉ. अजय ने बताया जीवन का महत्व

वैदिक आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन अनमोल है इसका एक क्षण भी आप अपनी पूरी संपत्ति देकर भी दोबारा नहीं खरीद सकते। इसलिए हमें अपने जीवन के एक-एक क्षण का सदुपयोग करना चाहिए। पंचतंत्र में आचार्य ने लिखा है जब आप विद्या और धन का संचय करने लगे, कमाने लगे तो स्वयं को अजर और अमर समझे। जब धर्म की बात आए तो ऐसा सोचें कि मृत्यु ने मेरे बाल पकड़ रखे हैं। आचार्य ने एक प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए कहा जीवन का मोल बताते हुए कहा कि हमारे जीवन का मूल्य इस बात से पता चलता है कि हमारा मूल्य कौन लगा रहा है और नकारात्मक लोगों से दूर रहना चाहिए।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंची टिकेश्वरी

**रायपुर।** एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ रायपुर की टिकेश्वरी साहू सेमीफाइनल में पहुँच गई है। 16 से 23 अक्टूबर तक ताईवान में यह प्रतियोगिता चल रही है। अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक काउंसिल से मान्यता प्राप्त अंतरराष्ट्रीय म्यू थाई संस्था आईएफएमए और एशियाई संस्था एफएएमए के तत्वावधान में ताईवान (चीनी ताइपे) में आयोजित एशियन म्यू थाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर रही टिकेश्वरी साहू को क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के खिलाड़ी के न आने पर वॉकओवर मिल गया। जिससे वह सीधे सेमीफाइनल पहुँच गई और देश के लिए पदक पक्का कर लिया। सेमीफाइनल में अब ताईपे की खिलाड़ी से टिकेश्वरी का मुकाबला होगा। छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने यह जानकारी दी।



### रनजी ट्रॉफी क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की टीम उतरी सौराष्ट्र के विरुद्ध

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रनजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच (18-21 अक्टूबर) राजकोट में सौराष्ट्र टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 90 ओवरों में 2 विकेट खोकर 236 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज आयुश पांडे एवं अनुज तिवारी ने शानदार पारी खेलते हुये क्रमशः 52 तथा 44 रन बनाये तथा 95 रनों की साझेदारी की। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ की ओर से कप्तान अमनदीप खरे 57 रन तथा संजित देसाई 81 रनों पर बल्लेबाजी कर रहें हैं। दोनों ने अब तक तीसरे विकेट के लिये 137 रनों की साझेदारी की। सौराष्ट्र ने कुल 7 गेंदबाजों का प्रयोग किया जिनमें नवनीत तथा पार्थ ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। जबकि जयदेव उनतकट विकेट लेने में असफल रहें। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 2 विकेट के नुकसान पर 236 रन बना लिये हैं।



### अखिल भारतीय खो-खो में आमने-सामने रेलवे के खिलाड़ी



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खो-खो ग्राउंड, एनईआई, बिलासपुर में 18वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे पुरुष खो-खो प्रतियोगिता 2024-25 का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपस्थिति में 17 अक्टूबर को हुआ। यह प्रतियोगिता 19 अक्टूबर तक सेक्रसा हैंडबॉल एवं खो-खो ग्राउंड में आयोजित की गई है। पहले दिन के मैचों में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने दक्षिण रेलवे को हराया, जबकि मध्य रेलवे ने पश्चिम रेलवे को पराजित किया। प्रतियोगिता में दूसरे दिन शुक्रवार को प्रथम पाली में पश्चिम रेलवे ने उत्तर रेलवे को हराया, जबकि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को पराजित किया। मध्य रेलवे ने उत्तर रेलवे को हराया, जबकि दक्षिण रेलवे ने रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड को पराजित किया। सेमी फाइनल मैच में दूसरे दिन शुक्रवार को दूसरी पारी के खेल शाम 5:30 से शुरू हुए। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बनाम पश्चिम रेलवे और दक्षिण रेलवे बनाम मध्य रेलवे की टीमों के मध्य खेले जाएंगे। रेलवे बोर्ड द्वारा नामित 13 निर्णायकों का दल पूर्ण समर्पण के साथ आयोजन को सफल बनाने कार्यरत है।

### भारत विरुद्ध न्युजीलैंड टेस्ट मैच के लिए मैच ऑब्जर्वर बनाए गए शर्मा

**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा मौजुदा भारत विरूद्ध न्युजीलैंड टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट मैच हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष प्रमोद शंकर षर्मा को मैच ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। यह मैच बेंगलूरु के एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में 16 अक्टूबर को शुरू हुआ और 20 अक्टूबर तक चलेगा। इसके पूर्व बी.सी.सी.आई. द्वारा राजेश दवे, अवधेष गुप्ता, जी.एस. मूर्ति, योगेश शाह तथा दिनेष मिश्रा को छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से ऑब्जर्वर नियुक्त किया जा चुका है।



### स्मार्टफोन और कंप्यूटर के बढ़े हुए इस्तेमाल से आंखों की समस्या ले रही घातक रूप

# युवाओं की रूटीन लाइफ में बदलाव से बढ़ रही आंखों में सूखेपन की समस्या, रहें सचेत

हाल के वर्षों में स्मार्टफोन और कंप्यूटर के बढ़े हुए इस्तेमाल के कारण लोगों में आंखों से संबंधित कई प्रकार की गंभीर समस्याओं का निदान किया जा रहा है। आंखों का सूखापन (ड्राई आइज) ऐसी ही एक समस्या है, जिसके युवा आयु वर्ग के लोग ज्यादा शिकार हो रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक एक-दो दशक पहले तक ड्राई आइज की समस्या को उम्र के साथ होने वाली परेशानी मानी जाती थी हालांकि आंखों के लिए नुकसानदायक कई चीजों के बढ़े हुए चलन के कारण अब बहुत ही कम उम्र के बच्चे भी इस समस्या से ग्रसित पाए जा रहे हैं। आंखों का सूखापन (ड्राई आइज) ऐसी स्थिति है जिसमें आंसू से आंखों को पर्याप्त मात्रा में मॉस्चराइज प्राप्त नहीं हो पाता है। आंखों में पर्याप्त मात्रा में आंसू का उत्पादन न होने या खराब गुणवत्ता वाले आंसू के कारण इसका खतरा बढ़ जाता है। ड्राई आइज के कारण असहजता महसूस होती है और आंखों में चुभन और जलन की दिक्कत बनी रहती है। आंसू, हमारी आंखों की सतह को संक्रमण से भी बचाते हैं। पर्याप्त आंसू के अभाव में आंखों के संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। आइए आगे की स्लाइडों में इस गंभीर समस्या के बारे में विस्तार से जानते हैं।



## ड्राई आइज के लक्षण

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं जिस तरह से लाइफ स्टाइल से संबंधित समस्याओं के कारण आंखों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं, ऐसे में सभी उम्र के लोगों को वर्ष में कम से कम एक बार आंखों की जांच जरूर करानी चाहिए। ड्राई आइज की समस्या युवाओं में काफी सामान्य होती जा रही है, इस समस्या में कई तरह के लक्षणों का अनुभव हो सकता है, जिसका समय पर पहचान कर इलाज आवश्यक होता है। इनमें आंखों में चुभन, जलन या खरोंच का एहसास होना। प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता। आंखों का अक्सर लाल रहना। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने में कठिनाई। रात के समय ड्राइविंग करने में कठिनाई। आंखों से पानी आना, यह जलन के कारण होने वाली प्रतिक्रिया है और धुंधला दिखाई देना शामिल हैं।



## आंखों में सूखापन की समस्या क्यों होती है?

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं, आंसू के उत्पादन को प्रभावित करने वाली कई तरह की समस्याओं के कारण ड्राई आइज की दिक्कत हो सकती है। आंसू के फिल्म की तीन परतें होती हैं: फैटी ऑयल, जलीय द्रव और म्यूकस। यह संयोजन आम तौर पर आपकी आंखों की सतह को चिकना और साफ रखने में सहायक होती है। इनमें से किसी भी परत की समस्या के कारण आंखों में सूखापन हो सकती है। आंसू का उत्पादन कई स्थितियों में प्रभावित हो सकता है। उम्र के साथ यह समस्या सामान्य मानी जाती रही है। इसके अलावा कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग, तंत्रिका संबंधी समस्या या लेजर आई सर्जरी का बाद यह समस्या बढ़ सकती है। धूम्रपान करने या स्मार्टफोन और कंप्यूटर के ज्यादा इस्तेमाल के कारण भी यह समस्या बढ़ गई है।

## ड्राई आइज को कैसे ठीक किया जाता है?

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं, ड्राई आइज की समस्या के निदान के लिए आंखों और आंसू का परीक्षण किया जाता है। यदि स्थिति सामान्य है तो कुछ आईड्रॉप्स और दवाइयों से इसके लक्षणों को कम किया जाता है। रोगी को कुछ बातों के विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है जैसे- धूल और प्रदूषण से बचाव, बहुत अधिक फोन का इस्तेमाल न करना और आंखों के लिए कुछ व्यायाम आदि। ड्राई आइज को ठीक करने के लिए स्वस्थ लाइफ-स्टाइल और पौष्टिक खान-पान बहुत आवश्यक होता है।

## ड्राई आइज की समस्या से कैसे करें बचाव?

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. डीएम भावनानी बताते हैं, कुछ विशेष सावधानियां बरतकर ड्राई आइज की समस्या से बचाव किया जा सकता है। इसके लिए आहार में हरी सब्जियों, विटामिन-ए वाले आहार को जरूर शामिल करना चाहिए। खेलते समय आंखों की रक्षा करने के उपाय, धूप का चश्मा पहनने, कीटाणुओं से बचाव और स्क्रीन टाइम को कम करके भी इस समस्या से बचाव किया जा सकता है। हेयर ड्रायर, कार हीटर, एयर कंडीशनर या पंखे को सीधे अपनी ओर रखने से बचें। सबसे खास बात धूम्रपान इस समस्या को बढ़ा सकता है, इसलिए इससे दूरी बना लें।






# घर की इन दिशाओं में वास्तुदोष कर सकता है आपकी सेहत खराब

घर में वास्तुदोष होने पर जीवन में अस्थिरता आ जाती है। आमदनी कम हो जाती है। जबकि, खर्च बढ़ जाता है। साथ ही अकस्मात विपत्ति घर में दस्तक देती है। इसके अलावा, दोष लगने पर घर के सदस्य कई बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं। हर कोई चाहता है कि उसका घर ऐसा हो, जिसमें वह अपने परिवार के साथ सुख पूर्वक रह सके। वास्तुशास्त्र के अनुसार घर हमें न केवल रहने का स्थान प्रदान करता है, बल्कि उसके भीतर या उसके आस-पास की ऊर्जा भी हमारे जीवन को प्रभावित करती है, इसलिए अच्छी सेहत और सुख-समृद्धि के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि घर में पंचतत्वों का संतुलन हो यानि घर वास्तु सम्मत हो। वहीं, वास्तुदोष लगने पर जीवन में अस्थिरता आ जाती है। आमदनी कम हो जाती है। जबकि, खर्च बढ़ जाता है। साथ ही अकस्मात विपत्ति घर में दस्तक देती है। इसके अलावा, दोष लगने पर घर के सदस्य कई बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं।

**ईशान कोण:** इस दिशा में वास्तुदोष होने पर घर के पुरुष वर्ग को स्त्रियों की अपेक्षा अधिक समस्याएं होती है। भूखंड या भवन के ईशान कोण में शयन व्यवस्था करने से अनिंद्रा, दुःस्वप्न, स्मृति भंग, मस्तिष्क विकार, रक्तचाप आदि प्रायः घेरे रहते है। दंपति को तो भूलकर भी इस स्थान पर नही सोना चाहिए। ईशान कोण में रसोईघर का होना अनेकानेक तनाव और व्याधियों का कारण होता है। ईशान कोण की रसोई घर में बरकत नहीं होने देती है तथा घर के लोगों को पेट और वायु रोगों से पीड़ति करती है। अन्य दोष ईशानकोण में होने से रक्त विकार, स्त्रियां को यौन रोग और



प्रजनन क्षमता भी दुष्प्रभावित हो सकती है।

**दक्षिण दिशा:** इस दिशा में वास्तुदोष आ जाने पर महिला वर्ग को पुरुषों की अपेक्षा अधिक हानि उठानी पड़ती है।

**दक्षिण-पूर्व दिशा:** इस दिशा में जलस्त्रोत बनवाने से या जल इकठ्ठा करने से आंत, आमाशय, फेफड़े आदि के रोग घर के लोगों को होने की संभावना बढ़ जाती है।

**वायव्य कोण:** यहां भारी सामान रखने की व्यवस्था हानिकारक साबित होती है। वायु पीड़ा, हड्डी के रोग और मानसिक विकार आदि भारी सामान इस दिशा में रखने से उत्पन्न हो सकते है।

**दक्षिण-पश्चिम कोण:** यह जोन यदि खाली और हल्का रहता है तो घर के सदस्यों में तनाव, गुस्सा अधिक होता है। हृदय रोग, जोड़ों का दर्द ,खून की कमी ,पीलिया, आंखों की बीमारी और हाजमे की खराबी आदि रोग होने की संभावना रहती है।

**ब्रह्मस्थान:** ईशान कोण की तरह ब्रह्मस्थान का भी हल्का और साफ रहना बहुत आवश्यक है। यहां पर भारी सामान हो तो घर के लोग उन्माद का शिकार हो जाते हैं। जिससे उनका मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है और तनाव रहने लगता है।

**उत्तर दिशा :** इस दिशा में वास्तु दोष होने से घर में गुर्दे, कान के रोग ,रक्त संबंधी बीमारियां, थकावट तथा घुटने की बीमारियां बनी रहती है।



# कुकर से बार-बार निकल रहा है पानी तो जरूरी हैक्स आएंगे काम



प्रेशर कुकर कई सारी रेसिपीज बनाने के काम आता है। एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर भी खराब होने लगता है। कभी इसमें सीटी की समस्या हो जाती है और कभी गास्केट ढीला हो जाता है। प्रेशर कुकर से पानी निकलना भी आम है, लेकिन इस परेशानी का हल हम आपको बताने वाले हैं।

प्रेशर कुकर तो हर घर में होता है। यह एक ऐसा एसेंशियल बर्तन है जिसके बिना कई सारे काम नहीं हो सकते हैं। दाल, करी, चावल, आदि चीजों को झटपट बनाने के लिए इसका ही उपयोग किया जाता है। हालांकि, एक वक्त के बाद, प्रेशर कुकर में कई सारी समस्याएं होनी लगती हैं।

कभी कुकर की सीटी खराब हो जाती है। कभी उसका गास्केट ढीला होने लगता है। कभी सही से प्रेशर नहीं बनता है और कभी तो पानी उससे निकलने लगता है। इससे न केवल खाना पकाने में देरी होती है, बल्कि रसोई में गंदगी भी हो सकती है। इसी समस्या का समाधान लेकर हम हाजिर हैं। हमारे देसी जुगाड़ और अनोखे हैक्स आपके प्रेशर कुकर को लीक होने से रोक सकते हैं और आपके काम को आसान बना सकते हैं।

## ढक्कन को सील करने के लिए आटे का इस्तेमाल करें

प्रेशर कुकर लीकेज को रोकने के लिए सबसे सरल और सबसे प्रभावी देसी तरकीबों में से एक है आटे को सीलेंट के रूप में इस्तेमाल करना। आटे की एक पतली पट्टी बेलें और ढक्कन को बंद करने से पहले कुकर के किनारे पर रखें। यह एक टाइट सील बनाएगा है, जिससे भाप बाहर नहीं निकल पाती।

अगर गैसकेट डैमेज है और आपके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है, तो यह एक बेहतरीन अस्थायी उपाय है। आटा एक लचीली सील की तरह काम करता है, जो लीक का कारण बनने वाले किसी भी गैप को भर देता है।

## गैसकेट को नरम करने के लिए उसे पानी में उबालें

अगर आपके प्रेशर कुकर का रबर गैसकेट हार्ड हो गया है, तो हो सकता है कि वह ठीक से सील न हो, जिससे रिसाव हो सकता है। गैसकेट को कुछ मिनट के लिए पानी में उबालें। इससे रबर नरम हो जाता है, जिससे वह फिर से लचीला हो जाता है और सील बना सकता है।

# कार्तिक मास में तुलसी पूजन और स्नान का महत्व जानिए



कार्तिक मास हिंदू धर्म में एक बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण महीना माना जाता है। इसे भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित महीना माना जाता है। कार्तिक मास में स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस महीने में स्नान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। कार्तिक स्नान को शुद्धिकरण का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान स्नान को लेकर ऐसी मान्यता है कि कार्तिक मास में स्नान करने से व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। वहीं अगर आप नियमित रूप से कार्तिक स्नान करने से मोक्ष, रोगों से मुक्ति, मन शांत और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

## तुलसी पूजन विधि

तुलसी को हिंदू धर्म में पवित्र पौधा माना जाता है। कार्तिक मास में तुलसी की पूजा का विशेष महत्व है। कार्तिक मास में रोजाना सुबह उठकर सभी कामों से निवृत्त होकर स्नान करें। इसके बाद साफ वस्त्र धारण कर एक लोटे में स्वच्छ जल भर लें। साथ ही तुलसी पूजा के लिए दीपक, अगरबत्ती, फूल, रोली, चंदन आदि चीजों को एक थाली में रखें। इसके बाद तुलसी के पौधे की जड़ में धीरे-धीरे अर्पित करें। इसके साथ ही तुलसी के गमले में स्वास्तिक का चिन्ह बना लें।

## कार्तिक मास में दान करने का महत्व

कार्तिक मास हिंदू धर्म में एक बेहद पवित्र महीना माना जाता है। इस महीने में स्नान और दान को एक साथ करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि स्नान करके शरीर को शुद्ध किया जाता है और दान करके मन को शुद्ध किया जाता है। दोनों को एक साथ करने से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्नान करने के बाद अन्न, वस्त्र, धन आदि का दान किया जा सकता है।


कार्तिक महीने में किया गया स्नान, दान और तुलसी पूजा कभी न खत्म होने वाला पुण्य देते हैं। इनके प्रभाव से व्यक्ति मृत्यु के बाद जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति होकर मोक्ष को प्राप्त होता है। यह चातुर्मास का अंतिम महीना होता है।

**कार्नर न्यूज**

### आजकल खूबसूरत स्टाइल, आकार, रंग, पैटर्न और बनावट में आसानी से मिलते हैं टाइल्स

# अपने घर के फर्श को बनाएं क्लासी, घर की सुंदरता देख लोग खुलकर करेंगे तारीफ

घर का फर्श बच्चों का पहला प्लेग्राउंड होता है, जिसे साफ-सुथरा होने के साथ खूबसूरत भी होना चाहिए। स्टाइलिश टाइल्स लगाकर आप फर्श को खूबसूरत और क्लासी लुक दे सकती हैं। अगर आप नया घर बनवा रही हैं या अपने घर में रिनोवेशन कराने के बारे में सोच रही हैं तो घर में अच्छी और खूबसूरत टाइल्स लगवा सकती हैं। खूबसूरत टाइल्स लगाने से फर्श और दीवारों को एक नया लुक मिलेगा और आपके घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे। आजकल खूबसूरत से खूबसूरत स्टाइल, आकार, रंग, पैटर्न और बनावट में आसानी से और सस्ते में मिल जाती हैं। जिससे आप घर की खूबसूरती को चार चांद लगा सकती हैं।



**चीनी मिट्टी:** आजकल चीनी मिट्टी की टाइल्स लोगों की खास पसंद हैं। चीनी मिट्टी की टाइल्स काफी मजबूत होती है। इसलिए लोग इसे बाहरी फर्श के लिए उपयोग में लाना पसंद कर रहे हैं।

**सिरेमिक:** सिरेमिक टाइल्स, सिरेमिक सामग्री से बनी एक पतली, सपाट सतह वाली टाइल होती है, जो कि काफी मजबूत होती हैं। इसे ज्यादा रखरखाव की जरुरत नहीं होती, इसलिए लोग इसे घरेलू फर्श के रूप में लगाना ज्यादा पसंद करते हैं। सिरेमिक टाइल कई रंगों, पैटर्नों और आकारों की होती है, ये बाजारों में आसानी से मिल जाती हैं। इसलिए आपको अपनी पसंद की डिजाइन की टाइल्स ढूंढने में परेशानी नहीं आती है।

**कांच की टाइल्स_** कांच की टाइल्स कई अलग-अलग रंगों में आसानी से मिल जाती हैं, जिनमें सफेद, मटमैला और भूरा रंग शामिल हैं, ये देखने में बहुत सुंदर दिखाई देती हैं। इसे लगाने से आपका घर लाजवाब दिखेगा। यह टाइलें चिकनी होती हैं, इसपर दाग आसानी से नहीं लगते, इसलिए आजकल कांच की टाइल्स को लोग ज्यादा पसंद करते हैं।

**टेराकोटा:** ये चौकोर डिजाइन वाली टाइल्स होती है, इसलिए इसे ज्यादा पसंद किया जाता है। इन टाइल्स का उपयोग कर आप अपने घर की सजावट को क्लासिक लुक देने के लिए कर सकते हैं। ये टाइल्स आरामदायक और गर्माहट का अहसास कराती हैं, जिन्हें कमरों और दीवारों पर सजावट के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है।

**लकड़ी की टाइल्स:** लकड़ी की टाइल्स भी आजकल खासी पसंद की जाती है। ये टाइल्स दो तरह की होती हैं, एक हार्ड वुड और दूसरी फॉक्स वुड। हार्ड वुड एक कॉमन फ्लोरिंग ऑप्शन है और इसकी सुंदरता के कारण लोग इसे बहुत पसंद करते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ-2' के मेकर्स नए जॉन-जेन की तलाश में, बिली इलिश की चर्चा



इस साल की शुरुआत में ही प्राइम वीडियो पर एक सीरीज 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' रिलीज हुई थी। इंट्रेस्टिंग स्टोरीलाइन, डायरेक्शन और बेहतरीन एक्टिंग का मिश्रण इस सीरीज में दर्शकों को देखने को मिला था, इसलिए इस सीरीज को काफी पसंद किया गया था। यही वजह है कि दर्शकों को इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का यह इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है क्योंकि हाल ही में इस सीरीज के मेकर्स ने अनाउंस किया है कि वह सीरीज के लीड कैरेक्टर्स जेन और जॉन के लिए नए चेहरों की तलाश कर रहे हैं। 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ-1' एक स्पॉय सीरीज थी, जिसमें लीड कैरेक्टर जॉन और जेन, जासूसों की भूमिका में थे। दोनों जासूस अलग-अलग संस्थाओं के लिए काम करते हैं। लेकिन कहानी में ट्विस्ट, यह था कि यह दोनों जासूस आपस में पति-पत्नी हैं। एक तरफ दोनों को जासूसी मिशन पर जाना होता और दूसरी तरफ अपने रिश्ते को भी मेंटेन करना होता है। इस स्टोरी लाइन के ईद- गिर्द ही पूरी सीरीज चलती है। वैसे इसी स्टोरी लाइन और नाम से एक हॉलीवुड फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ (2005)' भी बनी थी। इस फिल्म में ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली लीड रोल्स में थे।

पिछले सीरीज में डोनाल्ड ग्लोवर ने मिस्टर स्मिथ और माया एर्स्किन ने मिसेज स्मिथ का किरदार निभाया था। दोनों की जोड़ी को काफी पसंद किया गया था। लेकिन अब सीरीज 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ-2' के लिए मेकर्स नए चेहरों की तलाश में हैं। साथ ही ऐसा भी हो सकता है कि एक्टर डोनाल्ड ग्लोवर और एक्ट्रेस माया एर्स्किन भी इस सीरीज में नजर आएं। दरअसल, इस सीरीज में एक नहीं कई जेन और जॉन हो सकते हैं, क्योंकि जेन और जॉन महज जासूसी नाम हैं।

### टॉलीवुड

## प्रेम नजीर की पहली अभिनेत्री कोमलम नहीं रही, दी विदाई



मलयालम सिनेमा की पहली नायिकाओं में से एक नेय्यत्तिनकारा कोमलम उर्फ कोमला मेनन का 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मेनन ने प्रेम नजीर की पहली फिल्म 'मरुमकल' में मुख्य भूमिका निभाई थी। उन्हें हृदय संबंधी बीमारी के कारण 15 अक्तूबर को केरल के परसाला नामक शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण नेय्याट्टिनकारा कोमलम उर्फ कोमला मेनन ने गुरुवार 17 अक्टूबर को अंतिम सांस ली। कोमलम का अंतिम संस्कार शुक्रवार को दोपहर करीब 12.30 बजे वजुथुर में किया गया। कोमला मेनन ने कुछ साल पहले अपने पति एम. चन्द्रशेखर मेनन को खो दिया था और अपनी उम्र संबंधी बीमारियों के कारण वह अपने कुछ रिश्तेदारों के साथ रहती थीं। पंकजाक्ष और कुंजियम्मा के घर जन्मीं कोमला मेनन ने 1951 में जी. विश्वनाथ द्वारा निर्देशित 'वनमाला' से अभिनय करियर की शुरुआत की। उन्हें बड़ा ब्रेक डेब्यू के अगले वर्ष मिला जब उन्होंने 1952 में प्रेम नजीर की पहली फिल्म 'मरुमकल' में मुख्य भूमिका निभाई, जो उनकी तीसरी फिल्म थी। इस भूमिका ने मलयालम सिनेमा में उनकी जगह पक्की कर दी। 'वनमाला' मलयालम में पहली जंगल फिल्म होने के लिए उल्लेखनीय थी। इसके बाद, वह 1952 में 'आत्मासंथी' में दिखाई दीं। 1954 में, उन्होंने एफ. नागूर की 'संदेही' में अभिनय किया और बाद में पी. रामदास के 'न्यूजपेपर बॉय' के कलाकारों में शामिल हो गईं।

एक रूढ़िवादी परिवार से आने वालीं कोमलम को अपने रिश्तेदारों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा था।

### बॉलीवुड

## 'दुल्हनियां ले आएगी' में बरेली की झलक दिखाएंगे भिलाई के आकाश



इस्पात नगरी भिलाई में पले-बढ़े युवा निर्माता-निर्देशक आकाशादित्य लामा अपनी अगली फिल्म 'दुल्हनियां ले आएगी' के साथ दर्शकों के बीच आने की तैयारी में है। इस कॉमेडी ड्रामा फिल्म में बरेली शहर के वैभव और इतिहास को समेटती कथा परोसी गई है। आकाशादित्य ने बताया कि इस फिल्म को करीब 70 प्रतिशत शूटिंग नाथ नगरी के खूबसूरत स्थानों पर पूरी कर ली गई है। बरेली की संपन्नता का साथ यहां की ऐतिहासिकता को दिखाने वाली फिल्म नए साल में रूपहले पर्दे पर दिखाई देगी। टी सीरीज ग्रुप के दिवंगत मालिक गुलशन कुमार की बेटी खुशाली कुमार और ओमकार कपूर अभिनीत इस फिल्म की शूटिंग बरेली में पूरी हो गई है। फिल्म की शेष 30 प्रतिशत शूटिंग दिल्ली और मुंबई में होगी। करीब 15 दिन के शेडयुल के तहत फिल्म के दृश्य द ग्रांड निर्वाणा होटल, इन्वर्टिस और फ्यूचर यूनिवर्सिटी के साथ एक्जिक्यूटिव क्लब, झुमका चौराहा समेत रामगंगा के क्षेत्र में फिल्माए गए। आकाशादित्य लामा ने बताया कि नायिका के पिता की भूमिका महेश मांजरेकर ने निभाई है। वहीं नायक के पिता का किरदार पीयूष मिश्रा निभा रहे हैं। कहानी जयंत गुप्ता ने लिखी है। गीतकार जेपी गंगवार बरेली के ही रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म को शूटिंग नवंबर में पूरी कर ली जाएगी।




फैशन की सर्वसम्मत परिभाषा तो यह होना चाहिए कि जो हम सबके मन को भाए। लेकिन पेरिस फैशन वीक में पेश की गई यह डिजाइन तो फैशन के जानकारों के होश उड़ा रही है। इस ड्रेस के मैट्रिक्स में गड़बड़ी की तरह लग रही हैं और लोगों को उलझन में डालने काफी है। इसकी शुरुआत कुछ सामान्य दिखने वाले गाउन से हुई लेकिन इन गाउन को पहनना तो समझ में आता है अगर इन गाउन को हाथ में लेकर मॉडल चले तो क्या कहिएगा।

## हीट स्टाइलिंग के कारण बाल हो गए हैं डैमेज? तो ये टिप्स आएंगी आपके काम



हम सभी चाहते हैं कि हमारे बाल लम्बे और घने नजर आए और इसके लिए हम आए दिन कई तरीके के हेयर ट्रीटमेंट भी करवाते हैं। वहीं हम अक्सर बालों को आकर्षक लुक देने के लिए स्टाइलिंग भी करते हैं और इसके लिए कई तरीके के हीट वाले स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करते हैं। बालों में किसी भी तरह के हेयर स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले आपको हीट प्रोटेक्टिंग स्प्रे का इस्तेमाल करना चाहिए। यह बालों को हीट स्टाइलिंग टूल के कारण होने वाले डैमेज जैसे बालों का जलना, स्प्लिट एंड्स, हेयर ड्राईनेस जैसी कई डैमेज से बालों की रक्षा करने में सहायता करता है। इसे आप बालों में किसी भी तरह के हीट स्टाइलिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले स्प्रे के जरिये कर सकती हैं। हेयर स्टाइलिंग के बाद अक्सर बालों के टेक्सचर में कई तरह के बदलाव नजर आने लगते हैं, जो खासकर बालों को डैमेज करने का काम करते हैं। बता दें कि बालों को इन डैमेज से बचाने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप स्कैल्प से लेकर बालों की लेंथ तक में सीधे इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं इसके लिए आप सीधे एलोवेरा के पौधे से पत्तियों को काटकर लगा सकती हैं। बालों को धोने के बाद हमेशा कंडीशनर का इस्तेमाल करें। कंडीशनर आपके बालों को सही मात्रा में मॉइस्चराइज करने के काम करता है। स्कैल्प से लेकर लेंथ तक आप जरूरत अनुसार हेयर सीरम का इस्तेमाल जरूर करें। बालों को धोने से करीब 2 घंटे पहले हेयर ऑयल का इस्तेमाल करें। गीले बालों पर कंघा इस्तेमाल करने से थोड़ा बचाव करें। बालों को सूखाने के लिए हीटिंग टूल या तौलिए से रगड़ने का प्रयास न करें अन्यथा डैमेज अधिक मात्रा में बढ़ जाएगा।

## मेंस फैशन के लिए ज़रूर कैरी कीजिए खास ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स




फैशन

महिलाओं के बैग में आपको हमेशा ब्यूटी प्रोड[illegible]एंगे, लेकिन आपने शायद ही कोई पुरुष देखा हो [illegible] प्रोडक्टस अपने बैग में रखता हो। हालांकि, ब्यूटी प्रोडक्ट्स जितने महिलाओं के लिए ज़रूरी होते हैं उतने ही पुरुषों को भी इनकी ज़रूरत पड़ती है। अगर आपको ऑफिस के बाद किसी पार्टी, डेट या फिर किसी से मिलने जाना हो, तो ये प्रोडक्ट्स आपके काफी काम आएंगे। चाहे आप पूरा दिन एयर-कन्डिशन्ड ऑफिस में बैठते हों और धूप में कम निकलते हों, लेकिन इसके बावजूद दिन खत्म होने तक आपका चेहरा ऑइली, बेजान और थका हुआ हो जाता है। क्योंकि आप ऑफिस में नहा नहीं सकते, इसलिए सबसे अच्छा है कि आप अपनी ग्रूमिंग किट हमेशा अपने साथ लेकर चलें।



**फेस वॉशः** आपकी ऑफिस की स्किन केयर किट में एक अच्छा फेस वॉश ज़रूर होना चाहिए। एक ऐसा फेस वॉश ढूंढ़े जो आपकी त्वचा को सूट करता हो।



**बीबी क्रीमः** पार्टी या फिर डेट के लिए बीबी क्रीम काफी काम आती है, खासकर तब जब आपके चेहरे पर पिंपल या टैनिंग हो। बीबी क्रीम पैची फ्लेकी स्किन टॉन को भी छिपा देती है। आपको मार्केट में पुरुषों के लिए खास बीबी क्रीम भी मिल जाएगी।

**मॉइश्चराइज़रः** आप कितना भी मॉइश्चराइज़र लगा लें, आपकी त्वचा के लिए हमेशा कम ही पड़ेगा, फिर चाहे आपकी त्वचा ऑइली ही क्यों न हो।

**लिप बामः** फटे होंठ किसी को पसंद नहीं आते और खासकर जब सर्दियों हों, तो अपने पास हमेशा लिप बाम रखना चाहिए।

**कोलोन/परफ्यूमः** अगर आपका ऑफिस के बाद कोई प्लान बनता है तो इस बात का ध्यान रखें आपमें से कहीं पसीने की बदबू न आ रही हो। इसलिए हमेशा अपने ऑफिस के ड्रॉवर में परफ्यूम ज़रूर रखें।

## एक्ने से लेकर टैनिंग की समस्या से निजात पाने के लिए एक्सपर्ट के बताए गए ये नुस्खे आजमाएं

स्किन को स्पॉटलेस बनाए रखने में काफी मेहनत लगती है। कभी चेहरे पर एक्ने हो जाते हैं या टैनिंग की समस्या के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं।



### टैनिंग से छुटकारा कैसे पाएं?

धूप के अधिक एक्सपोजर के कारण टैनिंग की समस्या हो जाती है। टैनिंग के कारण चेहरे भद्दा नजर आता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। टमाटर में बेटाकेरोटिन, विटामिन सी और ई भी होते हैं। टमाटर को धोकर दो टुकड़ों को में काट लें। अब टमाटर को पूरे चेहरे पर लगाएं। करीब 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

टैनिंग रिमूव करने के लिए चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल न करें। नींबू के कारण चेहरे पर इरिटेशन हो सकती है। नींबू फोटो सेंसिटिविटी को बढ़ाता है। ऐसे में अगर आप धूप में जाएंगी, तो चेहरा जल्दी काला पड़ सकता है। नींबू प्रकाश संवेदनशीलता को भी बढ़ाता है और सूरज के संपर्क में आने पर त्वचा के काले पड़ने की संभावना अधिक हो जाती है।

### ऑयली स्किन पर क्या लगाएं?

ऑयली स्किन पर मुल्तानी मिट्टी और बेंटोनाइट क्ले का उपयोग किया जाता है। 4 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल मिलाएं। इस पेस्ट का इस्तेमाल चेहरे पर करें और 15 मिनट बाद फेस वॉश कर लें। बेसन का इस्तेमाल ज्यादा ऑयली स्किन पर किया जा सकता है।

## साड़ी में दिखना चाहती हैं कर्वी तो फॉलो करें ये उपयोगी टिप्स

फेस्टिवल सीजन हो या फिर शादी का सीजन साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। किसी को हैवी डिजाइन वाली साड़ी पहनना पसंद होता है तो किसी को लाइट या फिर प्लेन साड़ी ज्यादा पसंद होती है। आप भी अपने हिसाब से पसंद करके साड़ी वियर करती होगी। लेकिन कई बार ऐसा होती है कि साड़ी पहनने के बाद अच्छी नहीं लगती क्योंकि उसमें हमारी फिगर कर्वी नहीं लगती। इसके लिए आपको कई सारी ऐसी टिप्स है जिन्हें फॉलो करना चाहिए। तभी आप अच्छे तरीके से साड़ी वियर कर पाएगी।

### साड़ी के फेब्रिक का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी खरीदें तो उसके फेब्रिक का खास ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि पतले होने पर अगर आप मोटे फेब्रिक की साड़ी पहनेंगी तो आप मोटी नजर आएगी। साथ ही साड़ी सही तरीके से बांध नहीं पाएंगी। इसी के साथ कर्वी फिगर भी नहीं शो हो पाएगी। इसलिए जब भी अपने लिए साड़ी खरीदें तो फेब्रिक का खास ध्यान रखें। इससे आपका लुक परफेक्ट लगो साथ ही हर कोई आपकी तारीफ करेगा।



### साड़ी के साथ खरीदें सही पेटिकोट

जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो पेटिकोट और ब्लाउज का खास ध्यान रखते हैं, ताकि साड़ी पहनें तो वो सबसे अच्छी लगे। इसके लिए हम मैचिंग पेटिकोट (सिल्क साड़ी डिजाइन) खरीदते हैं लेकिन आपको जरूरत है सही साइज का पेटिकोट खरीदने की। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनेंगी तभी साड़ी में आपका लुक परफेक्ट लगेगा।

कार्नर न्यूज

### रौनक भरे माहौल में बांधनी सूट से निखर उठेगा आपका सौंदर्य

## त्यौहारों और शादियों के मौके पर स्टाइल करें बांधनी सूट, लगेंगी बेहद खूबसूरत

*त्यौहारों और शादियों के मौके पर हर कोई नए कपड़ों को वियर करना पसंद करता है। किसी को इंडो-वेस्टर्न आउटफिट पहनना पसंद है तो किसी को पसंद है कि वो एथनिक वियर करे। इस बार आप त्यौहारों और शादियों पर बांधनी प्रिंट वाले कपड़े स्टाइल करें। ये काफी अच्छे लगते हैं। इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाते हैं। इस बार बांधनी प्रिंट सूट को वियर करें। ये त्यौहारों के हिसाब से परफेक्ट ऑप्शन है।*



### अनारकली बांधनी प्रिंट कुर्ता डिजाइन

अगर आपकी हाइट लंबी है तो ऐसे में आप अनारकली बांधनी सूट को वियर कर सकती हैं। ये काफई अच्छा लगता है। इसमें आपको पूरे में बांधनी प्रिंट मिलता है। साथ ही नेक पर गोटा पट्टी वर्क होता है। इसमें आप चाहे तो फ्रंट स्लिट कुर्ती को वियर कर सकती हैं। इसके साथ प्लेन बॉटम, ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी के साथ इस लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। आप इसमें गोटा पट्टी वर्क के अलावा, जरी या फिर सीक्वेंस वर्क वाले अनारकली सूट को भी ले सकती हैं।

### सलवार पैंट स्टाइल कुर्ता सेट

आजकल फैशन ट्रेंड बदलने में देर नहीं लगती है। अब सलावर सूट में भी आपको अलग-अलग डिजाइन मिलते हैं। इस दिवाली आप सलवार पैंट स्टाइल कुर्ता सेट (सूट डिजाइन स्टाइल टिप्स) को वियर कर सकती हैं। ये ऑप्शन फेस्टिव सीजन के लिए बेस्ट होता है। आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। इसमें आपको नेक पर हैवी वर्क साथ में दुपट्टे पर भी हैवी वर्क मिलेगा। सूट प्रिंटेड होगा लेकिन बॉर्डर के वर्क की वजह से ये हैवी लगेगा। आप इस तरीके के सूट को वियर कर सकती हैं। डिजाइन नया है इसलिए आप इसे स्टाइल करने के बाद अलग ही नजर आएगी।

### बांधनी पैंट कुर्ता सेट

इस दिवाली आप पैंट सूट को भी वियर कर सकती हैं। इसमें आपको सीक्वेंस वर्क बांधनी, गोटा वर्क और थ्रेड वर्क बांधनी कुर्ता सेट वियर (ऑफिस फॉर्मल लुक के लिए सूट डिजाइन) कर सकती हैं। इसकी चुन्नी भी ऐसे ही प्रिंट की आपको मिलेगी। आप चाहे तो हैवी वर्क के बिना भी सिंपल कुर्ता सेट भी खरीद सकती हैं। बस आपको उसमें सुंदर लगने के लिए एक्सेसरीज को एड करना होगा। जैसे हैवी इयररिंग्स, चोकर नेकलेस या फिर हैवी दुपट्टा।

